अशेष॰ गु० सम्पूर्ण, सारा, समस्त, सब।

अशोक॰ ना० पु० वृक्ष विशेष, सुख, चैन।

अशोभा॰ गु० अनगढ़, कुरूप, ना० स्त्री० सुन्दरता रहित, शोभा हीन।

अशौच॰ गु॰ नापाक, अशुद्ध।

अश्म॰ ना० पु० पत्थर।

अश्मरी॰ ना० स्त्री॰ पथरी, वा मूत्र कृच्छ्र रोग।

अश्मभेद॰ ना० पु० पाषाणभेद।

अश्रद्धा॰ ना० स्त्री० घिन, चिढ़ अविश्वास।

अश्रु॰ ना० पु० आंसू।

अश्रुपात॰ ना० पु० आंसुओं का गिरना।

अश्लेषा॰ ना० स्त्री० श्लेषा, नवां नक्षत्र।

अश्वा॰ ना० स्त्री० घोड़ा।

अश्वगन्धा॰ ना० स्त्री० असगन्ध औषधि।

अश्वतर॰ ना॰ पु० खच्चर।

अश्वत्थ॰ ना॰ पु० पीपलवृक्ष।

अश्वपति॰ ना० पु० वह राजा जिनके पास बहुत घोड़े वा घुड़चढ़े हों।

अश्वमेध॰ ना॰ पु० यज्ञविशेष यह यज्ञ राजाधिराज करसक्ता है, जो जगत जीतहो।

अश्वयुज॰ना॰पु॰कुंवारमास।

अश्वरत्नक॰ना॰पु॰ साइस।

अश्ववार॰ना॰ पु॰ असवार, सवार, घुड़चढ़ा।

अश्वशाला॰ ना॰ स्त्री॰ तबेला॰ घुड़साल।

अश्वहा॰ना॰ स्त्री॰ कनेर वृक्ष।

अश्वा॰ना॰ स्त्री॰, असगन्ध।

अश्वारूढ़॰ना॰पु॰ अश्ववार, सवार, घुड़चढ़ा।

अश्विनी॰ना॰ स्त्री॰ प्रथम नक्षत्र।

अक्षय॰गु॰ जिसका क्षय नहो, अमिट।

अक्षयवट॰ना॰ पु॰ वह बरगद जो प्रयाग में है।

असाढ़॰ना॰ पु॰ चतुर्थमास, आषाढ़, असाढ़।

अष्ट॰ना॰ पु॰ आठ ८।

अष्टकुरीसर्प॰ना॰ पु॰आठकुरी सांपों की अर्थात् अनन्त १ वासुकि २ तक्षक ३ कर्काटक ४ शङ्ख ५ कुलिक ६ पद्मक ७ महापद्मक ८।

अष्टकोण॰ना॰पु॰ आठकोने।

अष्टचत्वारिंशत्॰गु॰ अठतालीस ४८।

अष्टदिशाग्रह॰ना पु॰ आठों दिशा के ग्रह अर्थात् सूर्य, शुक्र, मङ्गल, राहु, शनैश्चर, चन्द्रमा, बुध, गुरु।

अष्टधातु॰ ना॰ पु॰ आठधातु अर्थात् सोना, रूपा, तांबा, पीतल, रांगा, कांसा, सीसा, लोहा।

अष्टपञ्चाशत्॰ गु॰ अट्ठावन ५८।

अष्टप्रहर॰ गु॰ आठपहर, दिन राति।

Digitized by Google

अष्टभैरव० ना० पु० आठ भैरव अर्थात् असिताङ्ग-रुरु, चण्ड, उन्मत्त, क्रोध, कपाली, भीषण, काल।

अष्टम० गु० आठवां।

अष्टमांश० ना० पु० आठवां भाग $\frac{1}{8}$।

अष्टमी० ना० स्त्री० आठवीं तिथि, आठैं।

अष्टवसु० ना० पु० आठवसु अर्थात् आप, ध्रुव, सोम, धर, अनिल, अनल, प्रत्यूष, प्रभावन्त।

अष्टविंशकुलक्षण० ना० पु० अट्ठाईस कुलक्षण अर्थात् काम १ क्रोध २ क्रियाहत ३ दुर्वाद ४ लोभ ५ लम्पटता ६ अलज्जा ७ अविद्या ८ अशोभा ९ आलस्य १० अति निद्रा ११ दुष्टता १२ अदया १३ कृपणता १४ दरिद्रता १५ रोग १६ मलिनता १७ कुपात्रदान १८ अबूझता १९ भोग्यता २० अत्याहार २१ अहङ्कार २२ अदृढ़ता २३ कुदान २४ दुर्भावता २५ अप्रतीति २६ मोह २७ व्यङ्ग्रवाक्यता २८।

अष्टविंशति० गु० अट्ठाईस २८।

अष्टसिद्धि० ना० स्त्री आठसिद्धि अर्थात् अणिमा १ महिमा २ गरिमा ३ लघिमा ४ प्राप्ति ५ प्रकाम ६ वशीकरण ७ ईशता ८।

अष्टाङ्गप्रणाम, } ना० पु०
वा दण्डवत० } स्त्री० आठ अङ्ग से प्रणाम अर्थात् उर, शिर, दृष्टि, मन, वचन, पद, कर, जानु से नमस्कार करना।

Digitized by Google

अष्टाङ्गयोग० ना० पु० योग के आठ अङ्ग अर्थात् यम १ संयम २ आसन ३ प्राणायाम ४ प्रत्याहार ५ धारणा ६ ध्यान ७ समाधि ८।

अष्टादश० ना० पु० अठारह १८

अष्टादशपुराण० ना० पु० अठारहपुराण अर्थात् भागवत १ भविष्य २ मार्कण्डेय ३ मत्स्य ४ ब्रह्माण्ड ५ ब्रह्म ६ ब्रह्मवैवर्त्त ७ विष्णु ८ वायु ९ वामन १० वराह ११ अग्नि १२ नारद १३ पद्म १४ कूर्म १५ स्कन्द १६ लिङ्ग १७ गरुड़ १८।

अष्टादशस्मृति० ना० स्त्री० अठारह स्मृति अर्थात्, मनु १ अत्रि २ विष्णु ३ याज्ञवल्क्य ४ हारीत ५ उशना ६ अङ्गिरा ७ आपस्तम्ब ८ संवर्त्त ९ यम १० कात्यायन ११ वृहस्पति १२ पाराशर १३ व्यास १४ शङ्खलिखित १५ गौतम १६ वशिष्ठ १७ दक्ष १८।

अष्टापद० ना० पु० कञ्चन, सुवर्ण, पशु।

अष्टाशीति० गु० अस्सी ८०।

असङ्ख्य० } गु० अगणित, बे शुमार, बहुत।
असङ्ख्यात० }

असंशय० ना० पु० निश्चय, निस्सन्देह।

असकति० ना० स्त्री० आलस्य।

असकती० गु० आलसी।

असगन्ध० ना० पु० ओषधिविशेष

असङ्गत० गु० मिथ्या, अनुचित, अनर्थ।

असज्जन० गु० कुपात्र, नीच, दुष्ट।

असत्० गु० असाधु, अधर्मी।

अशन० ना० पु० भोजन, खाना, वृक्ष विशेष ।

अशनि० ना० पु० वज्र ।

असन्तान० गु० पुत्रहीन, निर्वंश ।

असन्तुष्ट० गु० अप्रसन्न, धीरज रहित ।

असन्तोष० गु० अधीरजता ।

असभ्य० गु० जो सभाके योग्य नहीं, दुष्ट, गवांर ।

असभ्यता० ना० स्त्री० दुष्टता, असज्जनता, गवांरपन, बदशात ।

असम० गु० जो बराबर नहो, विषम ।

असमञ्जस० ना० पु० दुविधा, सन्देह, बिनुलगाव ।

असमय० गु० अकाल, विपत्तिकाल ।

असमर्थ० गु० जो समर्थ न हो, निर्बल ।

असमशर० ना० पु० कामदेव ।

असम्पूर्ण० गु० जो पूरा न हो ।

असम्बन्ध० गु० अनमेल, अनर्थ ।

असम्भव० गु० अनहोना, जो न हो सके ।

असम्मत० गु० विरुद्ध, बेसलाह ।

असह्य० } गु० जो सहा न जावे,
असह्य० } कठिन ।

असाधि० गु० जो दूर न हो सके रामायणे यथा, देखी व्याधि असाधि बड़ि ।

असाधु० गु० अधर्मी, दुष्टमति, कमीना ।

असाध्य० गु० जो कामसिद्ध न हो सके, रोगी जो जीवे नहीं ।

असामर्थ० } ना० पु० कुछ सामर्थ नहीं, लाचार ।
असामर्थ्य० } गु० कुछ सामर्थ नहीं रखता ।

असार० गु० छूंछा, पोला, सूखा, कच्चा काठ, विनापौरुष, निर्बल ।

असि० ना० स्त्री० तलवार, अव्य० हे, ऐसे।

असिद्ध० गु० अनबना, अनपका, जो सिद्ध नहीं।

असिधेनुक० ना० स्त्री० छुरी।

असिनि० ना० स्त्री० तलवार।

असिपत्री० ना० स्त्री० बेकुंड।

असिपुत्री० ना० स्त्री० छुरी, कटारी।

असिदंष्ट्रक० ना० पु० मगर, मच्छ।

असीम० गु० सीमा रहित अर्थात् अनन्त।

असीस० गु० शिरर्हित।

असीस० ना० पु० आशीर्वाद, दुआ।

असु० ना० पु० पञ्च प्राण, जीव, शोच।

असुग० ना० पु० किरण, बाण।

असुर० ना० पु० दैत्य, राक्षस।

असुरविनायक० ना० पु० बाणासुर।

असुरारि० ना० पु० देवता, श्रीराम कृष्णादि।

असुहर० गु० प्राणहर, मारने वाला।

असूझ० गु० अदृश्य, निरूप।

असूया० ना० स्त्री० कलङ्क, दोष।

असों० अव्य० यहवर्ष, इसवर्ष।

असोक० ना० पु० अशोक।

असोच० गु० अचेत, जो विद्या वा विचार से न होसके, जो पछिताने के योग्य नहीं।

असोची० गु० निर्मोही, अज्ञानी।

असोस० ना० स्त्री० सूखीनदी।

असौ० अव्य० यह।

असौंध० ना० स्त्री० कुबास, बदबुय।

अस्त० ना० पु० छिपाव, छुपना।

अस्तव्यस्त० गु० भिन्न भिन्न, उलटा पुलटा, बेमेल।

Digitized by Google

अस्ताचल० ना० पु० बड़ पर्वत विशेष जहां सूर्य नारायण अस्त होते हैं।
अस्तित्व० ना० पु० मौजूदगी।
अस्थि० ना० पु० हाड़, हड्डी।
अस्थिमात्र० गु० हड्डीभर।
अस्थिर० गु० चञ्चल, चलायमान।
अस्थिरता० ना० स्त्री० चञ्चलाहट, थिरताहीन।
अस्थिशृङ्खला० } ना० स्त्री०
अस्थिसंहार० } हरसिंघाड़।
अस्थूल० ना० पु० सूक्ष्म, न्यून।
अस्थूलभटा० ना० स्त्री० बड़ीकटाई।
अस्मसार० ना० पु० लोहा।
अस्वच्छन्द० } गु० आधीन, पराधीन, जो अपने
अस्वतन्त्र० } वशमें नहीं है।

अस्वत्थामा० ना० पु० द्रोणाचार्य्यका पुत्र।
अस्वीकार० ना० पु० नामंज़ूर, अङ्गीकार नहीं।
अस्सी० गु० अस्सी ८०।
अस्त्र० ना० पु० जिसको फेंक के मारते हैं यथा बाण आदि।
अह० ना० पु० दिन, अहङ्कार, कष्ट।
अहं० सर्व०, मैं, हम, निज का बोधक।
अहङ्कार० ना० पु० गर्व, मद, घमण्ड।
अहङ्कारी० } गु० अभिमानी,
अहङ्कृत० } दम्भी, मग़रूर।
अहमित० गु० अहङ्कार युक्त, मग़रूर।
अहरेणुका० ना० स्त्री० रेणुका, बालू।

Digitized by Google

अहर्निश० ना० पु० रात्रि दिन।

अह्लाद० ना० पु० प्रेम, अनुराग।

अहल्या० ना० स्त्री० गौतमजी की स्त्री।

अहह० अव्य० आर्त्त शब्द यथा हाय हाय।

अहार० ना० पु० आहार, कलेऊ, लेई।

अहारना० स० क्रि० मंडयाना, चिपकाना, लेई लगाना, जमाना।

अहारी० गु० खानेवाला, छांटो छई लकड़ी, कोई वस्तु जो मंडियाई गई, ना० स्त्री० कोयल पक्षी।

अहि० ना० पु० सांप, रुधिर, दैत्यविशेष।

अहिंसक० गु० भोला, साधु, जो हिंसा न करे।

अहित० ना० पु० शत्रु, वैर, शत्रुता।

अहिफेन० ना० स्त्री० अफ़यून, अफ़ीम।

अहिमाली० ना० पु० श्री महादेवजी।

अहिर० ना० पु० मोरपक्षी, जातिविशेष।

अहिवल्लरी० ना० स्त्री० नागबलि, पान आदि।

अहिवात० ना० पु० सुहाग स्त्रीका।

अहिवेलि० ना० स्त्री० नागबेलि, पान आदि।

अहीर० ना० पु० ग्वाला, आभीर।

अहीरणी० ना० स्त्री० ग्वालिन।

अहोला० गु० साहसी, निडर, बहादुर।

अहीश० ना० पु० शेषादि, सर्पादि।

अहे॰ अव्य॰ सम्बोधन, थे।

अहेर॰ ना॰ स्त्री॰ आखेट, शिकार।

अहेरिया॰ } गु॰ आखेटकी,
अहेरी॰ } शिकारी।

अहो॰ अव्य॰ सम्बोधन वा आश्चर्य वा हर्ष में बोला जाता है, यथा अहो भाग्य।

अहोरात्र॰ ना॰ पु॰ दिन राति।

अहौ॰ अव्य॰ हो।

अक्ष॰ ना॰ पु॰ नेत्र, बहेरावृक्ष, पांसा।

अक्षत॰ ना॰ पु॰ चावल, जव पूजा आदि के गु॰ घाव रहित, फोड़ा रहित।

अक्षर॰ ना॰ पु॰ ककारादि वर्ण, गु॰ सूक्ष्म, अविनाशी।

अक्षविद्या॰ ना॰ स्त्री॰ रमल।

अक्षविद्वान्॰ गु॰ रम्माल, पांसावाला।

अक्षांश॰ ना॰ पु॰ रेखा, भूमि के उत्तर वा दक्षिण केन्द्र तक नब्बे २ अंश।

अक्षि॰ ना॰ पु॰ नेत्र, आंखि।

अक्षिसङ्केत॰ ना॰ पु॰ आंखिसे इशारः करना, कटाक्ष, हावभाव।

अक्षुब्ध॰ गु॰ स्थिर, शान्त।

अक्षौहिणी॰ ना॰ स्त्री॰ सैन प्रमाण, इसका कथन कई प्रकार का है। यथा

नवनाग सहस्राणि नागे नागे शतं रथाः रथे रथे शतस्वा स्वाश्वे अश्वे शतन्नराः।

अथवा दश वाहनी अथवा १०९३५० पैदल, ६५६१० सवार, २१८७० रथ, २१८७० हाथी।

अच॰ अव्य॰ यहां, इसजगह।

अत्रि॰ ना॰ पु॰ चन्द्रमा के पिता, मुनि विशेष।

अत्रिज०ना० पु० चन्द्रमा, दुर्वासा, दत्तात्रेय।

अज्ञ०गु० मूर्ख, अजान, नादान।

अज्ञता०ना० स्त्री० मूर्खता, नादानी।

अज्ञात०गु० अनजान, ना मालूम।

अज्ञाता०गु० मूर्ख, भोला, नादान।

अज्ञान०गु० मूर्ख, मूर्खता।

अज्ञानता०ना० स्त्री० मूर्खता, नादानी।

[आ]

आ०अव्य० जिस शब्दके प्रथम में यह संयुक्त होता है उसका अर्थ न्यून वा उलटा होजाता है और कभी क्रिया के अवधिका ज्ञापक होता है।

आं०अव्य० खेदोक्तिका सूचक शब्द।

आंक०ना० पु० अङ्क, चिन्ह, मदार।

आंकना०स० क्रि० लखना, अङ्काना।

आंख०ना० स्त्री० चक्षु, नेत्र।

आंग०ना० पु० अङ्ग।

आंगन० } ना० पु० अंगना, सहन।
आंगना० }

आंच० स्त्री० अग्निकीताप।

आंचर० } ना० पु० अञ्चल।
आंचल० }

आंझू०ना० पु० आंसू।

आंट०ना० स्त्री० गांठि, विरुद्धता, ताक।

आंटना०अ० क्रि० समाना, पहुंचना।

आंटी०ना० स्त्री० फेंटी, अंटिया।

आंड०ना० पु० वृषण, अण्ड।

आंत०ना० स्त्री० आंतड़ी।

आंधी०ना० स्त्री० झक्कड़, झंझावायु।

Digitized by Google

आंब० ना० पु० आम्र ।

आम० } ना० पु० पेट में रोग
आंव० } विशेष, आम्र, आमाशय ।

आंवला० ना० पु० वृक्ष वा फल विशेष ।

आंसू० ना० पु० आंखों का पानी ।

आक० ना० पु० अर्क, मदार ।

आकर० ना० स्त्री० खानि अर्थात् धातु वा रत्नादि के उत्पन्न होने का स्थान ।

आकरीय० गु० जो खान से उत्पन्न हो ।

आकर्षण० ना० पु० बल से खींचना ।

आकर्षित० गु० जो खींचा गया ।

आकांक्षा० ना० स्त्री० वाञ्छा, इच्छा, चाह ।

आकांक्षित० गु० वाञ्छित, चाहिता ।

आकांक्षी० गु० इच्छा करने वाला, चाहक ।

आकार० ना० पु० स्वरूप, डौल, सैन, सूरति ।

आकारान्त० गु० जिसके अन्त में आकार होवे ।

आकाश० ना० पु० गगन, आस्मान, अम्बर ।

आकाशपवन० ना० पु० लता विशेष आकाश बेलि वा आकाश का पवन ।

आकाशवाणी० ना० स्त्री० वाणी जो आकाश से होती है ।

आकाशविलाशी० ना० पु० देवता, नक्षत्र, गु० जो आकाश में विलाश करे यथा पक्षी ।

आकाशबेलि० ना० स्त्री० अमरबेलि ।

Digitized by Google

आकाशो० गु० आकाश का, स्वर्गीय।

आकुल० गु० व्याकुल, कातर।

आकृति० ना० स्त्री० रूप, आकार, सूरति, डौल।

आकृष्ट० गु० खींचाहुआ।

आक्रम० ना० पु० बलको प्रकाश करके किसी काम में दूसरे से अधिक होना, चढ़ाव।

आखण्डल० ना० पु० इन्द्र।

आखण्डलपुर० ना० पु० इन्द्रलोक, स्वर्ग।

आखत० ना० पु० अक्षत।

आखा० ना० पु० बारा, गठिया, चलनी।

आखात० ना० पु० खलीज।

आखु०
आखुक० } ना० पु० मूस, चूहा।

आखेट० ना० पु० अहेर, शिकार, मृगया।

आखेटको० गु० शिकारी, अहेरी।

आख्या० ना० स्त्री० संज्ञा, नाम।

आग० ना० पु० अग्नि।

आगत० गु० उपस्थित।

आगम० ना० पु० वेदवाशिवोक्त शास्त्र विशेष भविष्यत् वा० ई अवाई।

आगमन० ना० पु० अवाई, आन।

आगमवक्ता० ना० पु० शिव, गु० जो आगमकी बात बदे वा आगम का पाठक होवे।

आगमविद्या० ना० स्त्री० आगम कहने की विद्या।

आगमज्ञानी० ना० पु० तान्त्रिक, जो आगम को जानता होवे।

आगर० ना० पु० अधिक वा घर।

आगरा० ना० पु० नगर विशेष।

आगरी० ना० स्त्री० कोठरी।

Digitized by Google

आगलान्त० अव्य० गलेलग ।

आगा० ना० पु० सामना, अगवाड़ा ।

आगामी० गु० आनेहारा, अवैया ।

आगार० ना० पु० घर, मकान ।

आगिल० गु० पहिला ।

आगू० } अव्य० सामने, बढ़िके,
आगे० } अग्रे ।

आगोट० ना० स्त्री० चौकसी, क़ैद ।

आग्रह० ना० पु० उपकार, जहालत ग्रहण ।

आघात० ना० पु० चोट, मारपीट ।

आघार० ना० पु० घृत, घी, छिड़काव ।

आघु० ना० पु० मोल, मर्य्याद, यथा बिहारी लाल सप्रशतिकायां। दोहा। जन्म जलधि पानिपविमलभोजग आघु अपार, रहे गुणी है गरपरे भलोन मुक्ताहार ।

आङ्गिरस० ना० पु० बृहस्पति ।

आचमन० ना० पु० आचमन, अर्थात् भोजन वा पूजा करने के पहिले थोड़ा जल हथेली में रखकेपी नावा कुल्लीकर्ना ।

आचरण० ना० पु० करतूत, चालि, व्यवहार, आचार, शास्त्रोक्तक्रिया ।

आचार० ना० पु० विचारकरना, पाखण्ड, परहेज़, खटाई फ़ारसी ।

आचारी० गु० जोमनुष्यशास्त्रोक्तक्रियायत्न समेतकरे ।

आचार्य्य० ना० पु० वेद का उपदेशक, गुरु ।

आच्छादन० ना० पु० वस्त्र, ढकना, धोती, पोशाक ।

आच्छादित० गु० वस्त्र युत, ढकाभया ।

आछे० गु० अच्छे का बहुवाक्य ।

आज० अव्य, अद्य, इसरोज़ ।

Digitized by Google

आजनेय० ना० पु० घोड़ा, यथा, आजनेया: कुलीना: स्युर्विनीता: साधु वाहिन: इत्यमर:।

आजा० ना० पु० दादा, पिता का पिता।

आजाना० अ० क्रि० अचानक आना, पड़ना।

आजि० ना० पु० युद्ध, समर, लड़ाई।

आजीव० ना० पु० } जीविका
आजीविका० स्त्री० } निर्वाह, मआश।

आटना० स० क्रि० भरना।

आटा० ना० पु० चोकर, सूजी, पिसान।

आठकी० ना० पु० तिल जिनमें से तेल निकलता है।

आड़० ना० स्त्री० ओट, परदा।

आडना० स० क्रि० ओटकर्ना, आड़देना।

आडम्बर० ना० पु० उद्योग, अभिमान, हर्ष।

आडा० गु० तिरछा, टेढ़ा।

आडी० ना० पु० रक्षक, ना० स्त्री० माने में स्वरविशेष, टेढ़ी, तिरछी, बेंडी।

आडेआना० अ० क्रि० रक्षाकर्ना, बचाव होना।

आढ्य० गु० धनाढ्य, धनी, स्वामी।

आतङ्क० ना० पु० भय, भीत, दु:ख, ठाठ, डर, प्रताप, इज्जत।

आततायी० गु० डकैत, हत्यारा, परस्त्री हारक।

आतप० ना० पु० घाम, धूप।

आतपत्र० ना० पु० छत्र।

आतपी० गु० धूपसे विकल।

आता० ना० पु० सीताफल।

Digitized by Google

आतिथेय० } गु० अतिथिका सत्कारकरना,
आतिथ्य० } अतिथि पालन, मेजवानी ।

आतुर० गु० दुखी, रोगी, व्याकुल, घाबरा ।

आतू० ना० स्त्री० गुरुवायिन् ।

आत्मघात० ना० पु० अपनी हत्या, निजघात ।

आत्मघाती० गु० निज जीव हन्ता, अधर्मी, जीव को दुखदाता ।

आत्मज० ना० पु० पुत्र, लड़का ।

आत्मनामी० गु० जो आप से प्रसिद्ध है ।

आत्मपालक० गु० आप स्वार्थी, आपकाजी ।

आत्मभू० ना० पु० ब्रह्मा ।

आत्ममात्र० ना० पु० समस्त जीव, जीवभर ।

आत्मरक्षा० ना० स्त्री० निज जीव की रक्षा, इन्द्रवारुणी औषधि ।

आत्मरक्षक० गु० निज जीव पालक ।

आत्मश्लाघा० ना० स्त्री निज मुख से अपनी बड़ाई ।

आत्महा० गु० निज जीवघाती, धर्मरहित ।

आत्मा० ना० पु० स्त्री० जीव, मन, बुद्धि, देह, स्वभाव, धन, अन्तर, अहङ्कार, आप ।

आत्मिक० गु० मनका, अपना ।

आत्मिकता० ना० स्त्री० अपनाइत ।

आत्मीय० गु० आत्मिक, अपना ।

आदर० ना० पु० सत्कार, सन्मान, प्रेम से लेना ।

आदरार्थ० गु जिसमें आदर पाया जाता है ।

आदर्श० } ना० पु० दर्पण,
आदर्शन० } टीका ।

आद्रक० ना० स्त्री० अदरक ।

आदान० ना० पु० लेना ।

Digitized by Google

आदि॰ गु॰ पहिला, जड़ वगैरह, शुरू।

आदिअन्त॰ गु॰ आरम्भ से समाप्तितक, वा आदि और अन्त, आद्यन्त।

आदिक॰ अव्य॰ इत्यादि और सब।

आदित॰ } ना॰ पु॰ सूर्य।
आदित्य॰ }

आदित्यवार॰ ना॰ पु॰ प्रथम दिन, इतवार।

आदित्यहृदय॰ ना॰ पु॰ ग्रन्थ विशेष।

आदितेय॰ ना॰ पु॰ देवता, अदितिजात।

आदेश॰ ना॰ पु॰ आज्ञा, अनुमति, योगी वैरागी का प्रणाम, व्याकरण में एक अक्षर को दूसरे अक्षर के बदलने को कहते हैं।

आदौ॰ अव्य॰ प्रथम, पहिले।

आद्य॰ गु॰ पहिला, प्रथमका।

आद्योपान्त॰ गु॰ पूरा, सब, समस्त।

आधुनिक॰ गु॰ इसकालका।

आधर्ष॰ ना॰ पु॰ भय, डर, कठिन।

आधा॰ गु॰ अर्द्ध, १/२।

आधान॰ ना॰ पु॰ गर्भ, गर्भ का धारण।

आधार॰ ना॰ पु॰ प्रतिपालक, अधिकरण, सहारा, योगमें एक चक्र का नाम।

आधारी॰ गु॰ सहारा पाने वाला।

आधासीसी॰ ना॰ स्त्री॰ अधकपाली।

आधि॰ ना॰ स्त्री॰ मनकी पीड़ा, उदासी।

आधिक्य॰ ना॰ पु॰ बढ़ती, अतिशयता।

आधिपत्य॰ ना॰ पु॰ ऐश्वर्य्य, स्वामित्व।

Digitized by Google

आधीन० गु० बश, आज्ञाकारी, तावेदार।

आधीनता० } ना० स्त्री०
आधीनताई० } नम्रता, आज्ञाको पालन करना, लघुताई, तावेदारी।

आन० पु० और, अन्य, ना० स्त्री० आज्ञा, सङ्कोच, सौगन्द।

आनक० ना० पु० दुन्दभी, डङ्का।

आनद्व० ना० पु० ओर ढिंढोरा।

आनन० ना० पु० मुख, अव्य० और, नहीं।

आनना० पु० क्रि० लाना।

आनन्द० ना० पु० } हर्ष, सुख,
आनन्दता० स्त्री० } खुशी।

आनन्दित० गु० खुश, हर्षित, प्रसन्न।

आनन्दी० गु० सुखी, खुश।

आनव० } क्रि० लाओगे।
आनिहौं० }

आनुकूल्य० ना० पु० सहायता।

आनुपूर्वी० ना० स्त्री० मर्यादा, बद्धि, क्रमी।

आनुमानिक० गु० युक्ति सिद्ध।

आन्ध्र० ना० पु० तैलङ्गदेश।

आप० ना० पु० पानी, सर्व० स्वकीय, निज।

आपकाज० ना० पु० अपना काम।

आपकाजी० गु० जो अपने काममें लगा रहता है।

आपगा० ना० स्त्री० नदी।

आपत्ति० ना० स्त्री० विपत्ति, आपदा, दोष।

आपद० ना० स्त्री० विपति, आपदा, कठिनता।

आपन्न० गु० प्राप्त, शरणमें, गत, आश्रित।

आपपति० ना० पु० वरुण देवता।

आपरूप० गु० आप, विशेष ईश्वर।

आपस० सर्व० अपने, भाई बन्द।

आपस्तम्ब० ना० स्त्री० स्मृति विशेष।

आपाधान० ना० पु० युद्ध, समर।

आप्त० गु० जो विश्वास के योग्य है, प्राप्त, सच्चा।

आप्लुत० गु० जो नहाय चुका।

आफ्रियो० स० क्रि० दिया, अख्-शा, यह शब्द अरबी-का है।

आफू० } ना० स्त्री० अफ़ीयून,
आफक० } अफ़ीम।

आबाल० ना० पु० लड़का पन, बालकपन।

आभरण० ना० पु० भूषण, गह-ना, ज़ेवर।

आभा० ना० स्त्री० भड़क, शोभा, चमक।

आभार० ना० पु० बोझ।

आभास० ना० पु० अभिप्राय, थोड़ा अंश, दोष विशेष।

आभीर० ना० पु० भीलादि, गोप, अहीर।

आभूषण० ना० पु० अलङ्कार, गहना।

आम० गु० ना० पु० कच्चा, आम्रफल।

आमय० ना० पु० रोग।

आमर्ष० ना० पु० क्रोध, [illegible], डाह।

आमर्षण० ना० पु० क्रोध करना।

आमर्षि० अ० क्रि० क्रोधयुक्त होकर।

आमलक० } ना० पु० आंवला
आमला० } फल विशेष।

आमान्न० ना० पु० कोरा अनाज, सीधा।

Digitized by Google

आमाशय० ना० स्त्री० पेटकी थैली जिसमें खाना रहता है वा इकट्ठा होकर पचता है ।

आमिष० ना० पु० मांस, गोश्त ।

आमिषाहार० ना० पु० मांसखाना ।

आमिषाहारी० गु० मांसखाने वाला ।

आमोद० ना० पु० आनन्द, हर्ष, सुगन्ध, सुबास ।

आम्बर० ना० स्त्री० वस्तुविशेष अर्थात् कहरुवा ।

आम्र० ना० पु० आंबका फल वा वृक्ष विशेष ।

आय० ना० पु० लाभ, धनागम ।

आयत० गु० लम्बा, दीर्घ, बर चौड़ा, ना० पु० घाम, धूप ।

आयतन० ना० पु० घर, मकान ।

आयत्त० गु० नम्र, प्रधीन, साऊ ।

आयसु० ना० पु० आज्ञा, हुक्म ।

आया० ना० स्त्री, लड़कों को खिलाने वाली ।

आयास० ना० पु० परिश्रम, मिहनत ।

आयु० ना० स्त्री० जीवन, काल, उमर ।

आयुध० ना० पु० हथियार, अस्त्रशस्त्र ।

आयुर्दा०
आयुर्दाय०
आयुर्बल०
आयुष०
आयुस्०
} ना० स्त्री० जीवन, काल, उमर, हयात ।

आरक्त० गु० लाल, सुर्ख ।

आरग्वध० ना० स्त्री० शिरवाली ।

आरज० ना० पु० मर्य्यादक, मानी, उत्तम, उत्तम, श्रेष्ठ, आर्य्य ।

Digitized by Google

आरग्वध० ना० पु० रवड, आड़ो का वृत्त ।

आरति० ना० स्त्री० दुःख, अतिप्रेम, इश्क वा पूजा प्रसिद्ध ।

आरती० ना० स्त्री० दीपक जलाय के देवता को दिखाना ।

आरम्भ० ना० पु० प्रारम्भ, उपक्रम, उत्थान, शुरूअ, लगा लगाना ।

आरा० ना० पु० ताक़, आला, लकड़ी चीरने का अस्त्रविशेष ।

आराति०
अराति० } ना० पु० शत्रु, वैरी ।

आराधक० गु० सेवक, भजन करनेहारा ।

आराधन० ना० पु० पूजा, भजन, सेवा ।

आराधना० स० क्रि० पूजा करना, अर्चना ।

आराम० ना० पु० उपवन, बगीचा, चैन ।

आरि० ना० स्त्री० झगड़ा, जिद्द, हठ, व्रजविलासे यथा, देखतरही खिलौना चन्द । आरिमकी-जिय कीलगोविन्दा ।

आरिण्य०
अरण्य० } ना० पु० जङ्गल वन, पुस्तकविशेष ।

आरिष्ट०
अरिष्ट० } गु० कठिन, दुखद, बुरा ।

आरुक० ना० पु० आडू का फल वा वृत्त ।

आरुष्क० ना० पु० भिलावां वृत्त ।

आरूढ़० ना० पु० सवार, गु० जो चढ़ा होवे ।

आरे० ना० पु० धारा का वक्र वचन ।

आरोग्य० ना० पु० क्षेम, कुशल, नीरोग ।

आरोपित० गु० कल्पना किया गया, बनाया गया, सौंपा गया ।

आमाशय॰ना॰ स्त्री॰ पेटकी थैली जिसमें खाना रहता है वा इकट्ठा होकर पचता है ।

आमिष॰ना॰पु॰ मांस,गोश्त ।

आमिषाहार॰ना॰ पु॰ मांसखाना ।

आमिषाहारी॰ गु॰ मांसखाने वाला ।

आमोद॰ना॰पु॰आनन्द,हर्ष, सुगन्ध,सुबास ।

आम्बर॰ना॰ स्त्री॰ वस्तुविशेष अर्थात् कहरवा ।

आम्र॰ ना॰ पु॰ आंबका फल वा वृक्ष विशेष ।

आय॰ना॰पु॰लाभ,धनागम ।

आयत॰गु॰ लम्बा, दीर्घ, चौड़ा, ना॰ पु॰ घाम, धूप ।

आयतन॰ना॰पु॰घर,मकान ।

आयत्त॰गु॰ नम्र, अधीन, ताबे ।

आयसु॰ना॰ पु॰ आज्ञा, हुक्म ।

आया॰ना॰ स्त्री, लड़कों को खिलाने वाली ।

आयास॰ना॰ पु॰ परिश्रम, मिहनत ।

आयु॰ना॰ स्त्री॰ जीवन,काल, उमर ।

आयुध॰ना॰ पु॰ हथियार, अस्त्रशस्त्र ।

आयुर्दा॰, आयुर्दाय॰, आयुर्बल॰, आयुष॰, आयुस्॰ — ना॰ स्त्री॰ जीवन, काल,उमर, हयात ।

आरक्त॰गु॰ लाल, सुर्ख ।

आरग्वध॰ना॰ स्त्री॰ फिटवाली ।

आर्य्य॰ना॰ पु॰ मर्यादक, मानी, उत्तम, जन, श्रेष्ठ, आर्य्य ।

Digitized by Google

आरग्वध० ना० पु० रवड, आडी का वृक्ष।

आरति० ना० स्त्री० दुःख, अतिप्रेम, इश्क़ वा पूजा प्रसिद्ध।

आरती० ना० स्त्री० दीपक समुदाय के देवता को दिखाना।

आरम्भ० ना० पु० प्रारम्भ, उपक्रम, उत्थान, शुरूअ, लगा लगाना।

आरा० ना० पु० ताक़, आला, लकड़ी चीरने का अस्त्रविशेष।

आराति० } ना० पु० शत्रु,
अराति० } वैरी।

आराधक० गु० सेवक, भजन करनेहारा।

आराधन० ना० पु० पूजा, भजन, सेवा।

आराधना० स० क्रि० पूजा करना, अर्चना।

आराम० ना० पु० उपवन, बाग़ीचह, चैन।

आरि० ना० स्त्री० झगड़ा, ज़िद्द, हठ, ब्रजविलासे यथा, देखत रही खिलौना चन्द। आरिन कीजिय लालगोविन्दा।

आरिण्य० } ना० पु० जङ्गल
अरण्य० } वन, पुस्तकविशेष।

आरिष्ट० } गु० कठिन, दु-
अरिष्ट० } ष्ट, बुरा।

आरुक० ना० पु० आड़ू का फल वा वृक्ष।

आरुष्क० ना० पु० भिलावां वृक्ष।

आरूढ़० ना० पु० सवार, गु० जो चढ़ा होवे।

आरे० ना० पु० धारा का बड़ा बचन।

आरोग्य० ना० पु० क्षेम, कुशल, नीरोग।

आरोपित० गु० कल्पना किया गया, बनाया गया, सौंपा गया।

Digitized by Google

आरोप॰ना॰ पु॰ कल्पना, बनावट ।

आरोह॰ना॰ स्त्री॰ } ऊपर
आरोहण॰ पु॰ } चढ़ना सीढ़ी, ज़ीना ।

आर्त्त॰ } गु॰ पीड़ित, दुःखित,
आरत॰ } ॰ व्याकुल ।

आर्द्र॰ गु॰ गीला, भीगा ।

आर्द्रा॰ना॰ स्त्री॰ छठवां न-क्षत्र ।

आर्य्य॰ गु॰ उत्तमकुलोत्पन्न, कुलीन, उत्तम, श्रेष्ठ ।

आर्य्यावर्त्त॰ ना॰ पु॰ वह पवित्र देश जो पूर्व समुद्र तट से पश्चिम सिन्धु तट तक और हिमा-लय से विन्ध्याचल तक है ।

आर्सी॰ ना॰ स्त्री भूषण विशेष जो स्त्रियां अंगूठे में पहिनती हैं, दर्पण ।

आल॰ना॰ पु॰ हलदी, [illegible] फल विशेष, पीला हर-ताल ।

आलम्ब॰ना॰ पु॰ सहारा, मदद ।

आलम्बन॰ना॰ पु॰ आश्रय, अवलम्ब ।

आलय॰ना॰ पु॰ घर, मकान ।

आलवाल॰ना॰ पु॰ थाला, थांवला ।

आलस॰ना॰ पु॰ ढील, सुस्ती, शिथिलता ।

आलसी॰ गु॰ ढीला, सुस्त, शिथिल ।

आलस्य॰ना॰ पु॰ आलस ।

आला॰ ना॰ पु॰ अरवा, ताक़, ताख जिसमें चिराग आदि रखते हैं ।

आलान॰ना॰ पु॰ खूंटा जिस में हाथी बांधाजाता है बेड़ी, ज़ंजीर ।

आलाप॰ ना॰ पु॰ बातचीत करना, स्वरमिलाप ।

आलि॰ ना॰ स्त्री॰ सखी, पङ्क्ति ।

Digitized by Google

आलिङ्गन॰ ना॰ पु॰ परस्पर गले लगाना।

आलिङ्गित॰ गु॰ प्रचलित, भीगीहुई।

आली॰ ना॰ स्त्री॰ सखी।

आलू॰ ना॰ पु॰ विलायती
आलू॰ कन्द विशेष।

आलोक॰ ना॰ पु॰ ज्योति, दृष्टि, यथलोकी।

आलोकन॰ ना॰ पु॰ दृष्टि देकर देखना।

आवझा॰ ना॰ पु॰ बाजा विशेष।

आवरण॰ ना॰ पु॰ ढाल, आच्छादन, विरूप भंवर, घेरा।

आवर्त्त॰ ना॰ पु॰ भंवर जो पानी में होता है।

आवर्दा॰ ना॰ स्त्री॰ आयुर्दाय, उमर।

आवतो॰ क्रि॰ आता।

आवभक्ति॰ } ना॰ स्त्री॰ मान, सन्मान, आदर।
आवभगत॰ }
आवभगति॰ }

आवलि॰ ना॰ स्त्री॰ पांति, पङ्क्ति।

आवश्यक॰ गु॰ निश्चय कर्त्तव्य ज़रूरी काम।

आवश्यकता॰ ना॰ स्त्री॰ ज़रूरत।

आवा॰ ना॰ पु॰ ब्रह्मा देश की राजधानी, कुम्हार जिसमें बर्त्तन पकाता है, पु॰ क्रि॰ आया।

आवाई॰ ना॰ स्त्री॰ चर्चा, समाचार।

आवागमन॰ } ना॰ पु॰ आनाजाना।
आवागवन॰ }

आवाजाई॰ ना॰ स्त्री॰ पीछे पड़ना, आनाजाना।

आवाती॰ ना॰ स्त्री॰ अवाई।

आवाभा॰ ना॰ स्त्री॰ भूमिखण्ड।

आवास० ना० पु० घर।

आवाहन० ना० पु० आदर बुलाना, बुलाना।

आविर्भाव० ना० पु० प्रकट होना।

आविर्भूत० गु० प्रकट वस्तु।

आविष्ट० गु० जो भूतादिक करके ग्रस्त है।

आवृत० गु० घिरा हुआ, वेष्टित।

आवृत्ति० ना० स्त्री० उच्चरिणी, पढ़ा हुआ, दुहराना, ढब।

आशक्त० गु० मोहित, गटपट, लीन और अतिरत।

[illegible]० ना० पु० मांग, ब्याह।

आशङ्का० ना० स्त्री० भय, डर, सन्देह, शंक।

आशय० ना० पु० अभिप्राय, आशय, मतलब, मज़मून।

आशर० ना० पु० निशाचर, दैत्य।

आशा० ना० स्त्री० आसरा, भरोसा।

आशाबन्त० गु० आसरिका, उम्मेदवार।

आशावसन० गु० नङ्गा, तृष्णारहित।

आशावान्० गु० आशावन्त।

आशिष० ना० पु०
आशिषा० स्त्री०
आशीर्वाद० पु०
} दुआ, भला मनाना, अच्छा चाहना।

आश्चर्य० गु० अद्भुत, ना० पु० अचम्भा, विस्मय।

आश्चर्यवन्त० गु० ताज्जुब में, अचम्भित।

आस्रक० ना० पु० रुधिर, लोहू, खून।

आश्रम० ना० पु० हिन्दू लोगों में चारि आश्रम अर्थात् ब्रह्मचारी १ गृहस्थ २ वानप्रस्थ ३ संन्यासी ४ और ऋषियों के रहने का स्थान, घर।

Digitized by Google

आश्रमी० पु० ब्राह्मणादि चारो आश्रम।

आश्रय० ना० पु० आसरा, समीपता, गु० अधीन, भरोसा करके।

आश्रित० गु० अधीन, क़ाबू, परवश।

आश्वास० ना० पु० भरोसा, समाप्ति, अध्याय।

आश्विन० ना० पु० कुंवार, सातवांमास।

आषत० ना० पु० अक्षत, चाव-लादि।

आषर० ना० पु० अक्षर, वर्ण।

आषाढ़० ना० पु० असाढ़, चौथा महीना।

आस० ना० स्त्री० आशा, भरोसा।

आसंसार्थ० गु० जिससे इच्छा का बोध होता है।

आसक्त० गु० आसक्त, कार्य-रत।

आसक्ति० ना० स्त्री० आशक्ति, प्रीति, प्रेम।

आसन० ना० पु० बिस्तर, सेज, योगासन, बैठने के लिये कुशा वा काष्ठ का बनी हुई वस्तु, बैठक, जांघ के भीतरी ओर।

आसनगत० गु० बैठा हुआ।

आसनी० ना० स्त्री० छोटे कम्बला-दि बिछोना।

आसन्न० गु० निकट, पास।

आसन्नकोण० ना० पु० पास का कोना।

आसन्नभूत० ना० पु० निकट हो व्यतीत भया।

आसपास० गु० लगभग।

आसमुद्र० ना० पु० समुद्र पर्यन्त।

आसय० ना० पु० आशय।

आसर० ना० पु० आशर, दैत्य।

आसव० ना० स्त्री० मदिरा विशेष, शराब ।
आसा० ना० स्त्री० आशा ।
आसाम० ना० पु० देशविशेष ।
आसावरी० ना० स्त्री० रागिनी विशेष, कपोत विशेष, कपड़ा विशेष ।
आसिख० ना० स्त्री० आशिष ।
आसीन० गु० बैठा हुआ ।
आसीविष० ना० पु० सांप ।
आसीस० ना० स्त्री० आशीर्वाद ।
आसु० गु० शीघ्र, जलदी ।
आसुग० गु० बाण, वायु, सूर्य ।
आसुतोष० गु० शीघ्र प्रसन्न होने वाला ।
आसुर० ना० पु० असुर वा कोई असुर ।
आसुरी० ना० स्त्री० असुरी माया, निशाचरी ।
आसूद० ना० स्त्री० आलस्य ।
आस्कन्दन० पु० ० आक्रमी ।
आस्ति० ना० पु० वेदधर्मों का फल, साधुता, धर्म शीलता, हस्ती ।
आस्तिक० ना० पु० वेदके धर्मों के फलकी विश्वासी, साधु ।
आस्था० ना० स्त्री० टेक, सभा, परिश्रम ।
आस्पद० ना० पु० स्थान, पद, खिताब ।
आस्फोट० ना० पु० कचनार वृक्ष ।
आस्यपू० ना० पु० असुर दैत्य ।
आस्वाद० ना० पु० स्वाद अनुभव ।
आस्था० ना० स्त्री० साहस, वीरता, धीरज ।
आहट० ना० पु० खटका, शब्द, आवाज़ ।
आहत० ना० ० बेद, शब्द ।

आहार॰ ना॰ पु॰ भोजन, खाना।

आहारी॰ गु॰ भोजन करने वाला, भोजन के योग्य।

आहि॰ अव्य॰ हे।

आहुत॰ } ना॰ स्त्री॰ देवता-
आहुति॰ } ओंके लिये होमने को लिये जो वस्तु, घृतादि।

आहवनीय॰ ना॰ पु॰ अग्नि, विशेष।

आहुक॰ ना॰ पु॰ उग्रसेन राजा का पिता।

आहूतदान॰ ना॰ पु॰ ब्राह्मणको बुलाकर घर पर दान देना इसको मध्यम दान कहते हैं।

आह्निक॰ ना॰ पु॰ प्रतिदिन धर्म का कार्य।

आह्निकगति॰ ना॰ स्त्री॰ एकदिन की चाल, प्रतिएक ग्रहका नित्यभचक्र।

आह्ला॰ ना॰ पु॰ चलावेश।

आह्लाद॰ ना॰ पु॰ हर्ष, आनन्द।

आह्लादित॰ गु॰ हर्षित, आनन्दित।

आह्वान॰ ना॰ पु॰ आवाहन, पुकारना।

आक्षेप॰ ना॰ पु॰ दुर्वचन, निन्दा।

आखेटक॰ ना॰ पु॰ आखेट।

आत्रेय॰ ना॰ पु॰ अत्रि का पुत्र।

आत्रेयी॰ ना॰ स्त्री॰ नदी विशेष जो ब्रह्मदेशमें है।

आज्ञा॰ ना॰ स्त्री॰ आदेश, हुक्म।

आज्ञाकार॰ } गु॰ जो आ-
आज्ञाकारी॰ } ज्ञा पर चले, सेवक, ताबेदार।

आज्ञाद॰ ना॰ पु॰ जो आज्ञा देवे, हाकिम।

आज्ञानुयायी॰ गु॰ आज्ञा- वत् वर्त्तनेवाला ।

आज्ञानुसार॰ ना॰ पु॰ हुक्म के बमूजिब ।

आज्ञानुवर्ती॰ गु॰ तावेदार, सेवक ।

आज्ञाभिलाषी॰ गु॰ आज्ञा चाहनेवाला ।

आज्ञार्थ॰ गु॰ आज्ञा का बोध जिससे होता है ।

आज्ञालङ्घन॰ ना॰ पु॰ उ- दूल हुक्मी, हुक्म न मानना ।

[इ] ।

इक॰ गु॰ एक, १ ।

इकटक॰ ना॰ पु॰ एक ताक से देखना ।

इकट्ठा॰ }
इकट्ठी॰ } गु॰ जो एक
इकठौरा॰ } जगह में जमा
इकठौरी॰ } होवे ।

इकसार॰ गु॰ सरीखा, स- दृश, समान ।

इकारान्त॰ गु॰ जिस शब्दके अन्तमें इकार है ।

इक्का॰ गु॰ अकेला, अद्वितीय, एका ।

इक्षुलता॰ ना॰ पु॰ देश वि- शेष जिसमें लाठ्य व- कर प्रसिद्ध है ।

इक्षुलाडी॰ गु॰ जो एक लाइका है ।

इङ्गितज्ञ॰ गु॰ इच्छा, स्वभाव, चलने वाला ।

इङ्गित॰ ना॰ पु॰ सैन, सङ्केत, आशय, खोज ।

इच्छा॰ ना॰ स्त्री॰ मनोरथ, चाह ।

इच्छाचारी॰ गु॰ मनोवत् गामी, स्वच्छन्द ।

इच्छित॰ गु॰ इच्छासमाना, चाहाहुआ ।

Digitized by Google

इच्छितफल० ना० पु० चाहा हुआ फल वा अर्थ।

इच्छानुसार० ना० पु० इच्छावत्, चाहना।

इक्षन० ना० पु० नेत्र, दृष्टि।

इड़ा० ना० स्त्री० धरती, देवी। बाईं श्वास।

इत० }
इतै० } अव्य० यहां, इधर।

इतना० गु० यह शब्द परिमाण वा अवधि का ज्ञापक है।

इतनी० ना० स्त्री० सैन्य, गु० इस प्रमाण।

इतर० गु० अन्य, रहित, नीच।

इतरलोग० ना० पु० छोटी जाति, लोकान्तर।

इति० अव्य० समाप्ति का बोधक है, अधिक, इस प्रकार।

इत्याक० ना० पु० मिलाप, सामना, मुक़ाबिलह।

इत्यादि० ना० पु० आदिक, वग़ैरह।

इतिहास० ना० स्त्री० वृत्तान्त, प्राचीनकथा, पुराणादि की वार्त्ता, तारीख़।

इतो० }
इतौ० } गु० इतना।

इदम्० सर्व० यह।

इदानीं० अव्य० इहां, इस जगह।

इधर० अव्य० यहां, इसठौर।

इन्दारा० ना० पु० बड़ा पक्का कूआं।

इन्दिरा० ना० स्त्री० लक्ष्मी।

इन्दीवर० ना० पु० नील कमल, पोंधा विशेष।

इन्दु० ना० पु० चन्द्रमा।

इन्दुर० ना० पु० चन्दुर। चूहा।

इन्दौर० ना० पु० नगर विशेष।

Digitized by Google

इन्द्र० ना० पु० देवताओं का राजा, प्रधान।

इन्द्रगोप० ना० पु० बीरबहूटी।

इन्द्रजित० ना० पु० मेघनाद, गु० जो इन्द्रको जीते।

इन्द्रपुरी० ना० स्त्री० इन्द्रका नगर।

इन्द्रप्रस्थ० ना० पु० दिल्लीनगर।

इन्द्रवधू० } ना० स्त्री० बीरबहूटी कीड़ा लालरङ्ग का वर्षा में होता है, इन्द्रकी पत्नी।
इन्द्रवधूटी० }

इन्द्रयव० ना० पु० कुटज का फल, इन्द्र जौ, औषधि विशेष।

इन्द्रवारुण० ना० पु० } औषधि विशेष।
इन्द्रवारुणी० स्त्री० }
इन्द्रविमार्दिनी० }

इन्द्राणी० } ना० स्त्री० शची, इन्द्रकी पत्नी।
इन्द्रायणी० }

इन्द्रायन० ना० पु० वृक्ष विशेष वा उसका फल जो अति सुन्दर और कड़ुआ होता है।

इन्द्रासन० ना० पु० इन्द्र का सिंहासन।

इन्द्रिय० } ना० स्त्री० जिनसे रूप रसादिका ज्ञान होता है वह दो प्रकार के हैं पांच कर्मेन्द्रिय अर्थात् हाथ, पांव, गुदा, लिङ्ग, मुख, और पांच ज्ञानेन्द्रिय अर्थात् आंख, नाक, कान, जीभ, त्वचा।
इन्द्री० }

इन्धन० ना० पु० जलाने की लकड़ी आदि, ईंधन।

इभ० ना० पु० हाथी।

इभ्यमालक्र० गु० महावत, फीलवान।

इभ्य० ना० पु० स्वामी।

इमं० सर्व० यह, गु० ऐसा, इस प्रकार।

Digitized by Google

इत्थ० गु० इस प्रकार ।

इला० ना० स्त्री० धरती, नारी, भवानी, देवी, बुद्धि, सरस्वती ।

इलायची० ना० स्त्री० फल-विशेष, एला ।

इलावृत० ना० पु० पृथ्वी के नवखण्डों में से एक ।

इल्ला० ना० पु० मसा ।

इव० अव्य० तरह, प्रकार, जैसे ।

इष्ट० गु० पूजित, प्यारा, वाञ्छित, ना० पु० देवता, मनुष्य चहीता, वस्तु चाहती ।

इष्टदेव० ना० पु० पूजित देवता, जिस देवको सेवाकरे वा माने ।

इष्टा० ना० स्त्री० प्रिय, प्यारी ।

इष्टित० गु० विचारित, और चीने गये ।

इष्वासन० ना० पु० धनुष, कमठा, कमान ।

इषु० ना० पु० बाण, तीर, अग्नि-अमारक; और गणितमें ५ ।

इषुधी० ना० स्त्री० पु० धनुष, कमान, कमठा ।

इषुधीपति० ना० पु० धनुर्द्धर, अर्जुनादि ।

इस्त्री० ना० पु० लोहे का यन्त्र जिससे धोबी कपड़े संभालता है ।

इस्पात० ना० पु० पक्का लोहा ।

इह० सर्व० यह ।

इहलोक० ना० पु० मनुष्य लोक, यहलोक ।

इक्षु० ना० ० ऊख, गांडा, गन्ना ।

इक्षुगन्धा० } ना० स्त्री० विदारी कन्द ।
इक्षुवल्ली० }

इक्षुविकार० ना० पु० रस, मिठाई, गुड ।

इक्ष्वाकु० ना० पु० सूर्यवंशियों में प्रथम राजा ।

[ई]

ईंट० ना० स्त्री० माटी की वस्तु, जिससे भीति उठाते हैं ।

Digitized by Google

ईडुआ॰ ना॰ पु॰ शिरपर बोझ रखने का टेकन जो कपड़ा वा सन सूत आदि का होता है।

ईकारान्त॰ गु॰ जिस शब्द के अन्त में ईकार है।

ईख॰ ना॰ स्त्री॰ ऊख, उखारी, इक्षु।

ईठ॰ गु॰ इष्ट, प्रिय, मित्र, ना॰ पु॰ भजन, देवता।

ईठि॰ ना॰ स्त्री॰ दोस्ती, प्रीति, सखी।

ईढि॰ ना॰ स्त्री॰ अपने को अधिक जानना, हठ।

ईति॰ ना॰ स्त्री॰ बाधा, दुःख।

ईद॰ ना॰ स्त्री॰ मुसलमानों और यहूदियों में एक पर्व होता है रमजान के पीछे, अरबी शब्द है।

ईदृश॰ गु॰ ऐसा।

ईर्षा॰ ना॰ स्त्री॰ द्विषता, द्वेष, डाह, मत्सर।

ईश॰ ना॰ पु॰ ईश्वर, प्रभु, स्वामी विशेष शिवजू, विष्णु, नारायण।

ईशता॰ ना॰ स्त्री॰ प्रधानता, महत्व, माया, सिद्धि विशेष।

ईश्वर॰ ना॰ पु॰ प्रभु, स्वामी विशेष, परमात्मा, शिवजी विष्णु, नारायण।

ईश्वरता॰ ना॰ स्त्री॰ } माया-
ईश्वरत्व॰ ना॰ पु॰ } योगमाया, कुदरत।

ईश्वराराधन॰ ना॰ पु॰ परमेश्वर का भजन।

ईशान॰ ना॰ पु॰ सदाशिव, ईशान कोण।

ईशानकोण॰ ना॰ पु॰ पूर्व उत्तर को कोना।

ईषत्॰ }
ईषद्॰ } गु॰ थोड़ा २, स्वल्प।

ईस॰ ना॰ पु॰ ईश मालिक।

ईह॰ } ना॰ स्त्री॰ चेष्टा, इच्छा
ईहा॰ } उद्यम।

ईक्षण॰ना॰ पु॰ चक्षु, आंखि, दृष्टि।

[उ]

उचाई॰ना॰स्त्री॰ }
उचान॰ना॰ पु॰ } उचापा,
उचाव॰ ना॰ पु॰ } उन्नति,
उचाहट॰ स्त्री॰ } बलन्दी।

उचाना॰ स॰क्रि॰ ऊंचाकरना, उठाना।

उडेलना॰ स॰ क्रि॰ धक्कादेकर गिराना, डालना।

उकठा॰ गु॰ सूखा काष्ट वा वृक्ष।

उकत॰ना॰ स्त्री॰ उक्ति, कथन।

उकताना॰ अ॰क्रि॰ घबराना, थकना, कुढ़ना।

उकताहू॰ना॰ पु॰ उपजाऊ पक्षी।

उकतारना॰ स॰ क्रि॰ संभालना, पक्काकरना।

उकसना॰ अ॰ क्रि॰ उठना, ऊपरकोचढ़ना वा बढ़ना।

उकसाना॰ } स॰क्रि॰ उठाना
उकासना॰ } चढ़ाना।

उक्त॰ गु॰ कथित, कहा हुआ।

उक्ति॰ ना॰ स्त्री॰ कथन, भाषा, चतुराई, कहना।

उखड़ना॰ अ॰क्रि॰ उजड़ना, निजस्थान से हटना।

उखड़हा॰ गु॰ उखड़ाभया।

उखड़ाना॰ } स॰ क्रि॰ उजा-
उखाड़ना॰ } ड़ना, निजस्थान से हिलाना।

उगना॰ अ॰क्रि॰ उत्पन्नहोना, जमना, बढ़ना।

उगलना॰ स॰ क्रि॰ मुख में कोई वस्तु डालकर फिर निकालना।

उगाल॰ना॰ पु॰ जो चबाय के मुखमें से फेंका।

उगाहना॰ स॰ क्रि॰ जमा करना, तहसीलना।

उगाही॰ ना॰ स्त्री॰ व्याज लेना वा कुछ रुपया को

Digitized by Google

महाजन आठ के नव वा नव के दश वा दशके ग्यारह प्रति मास एक२ रुपया करके लेता है।

उग्र० गु० क्रोधी, कठोर, भयङ्कर, तेज़, ना० पु० श्रीशङ्करजी।

उग्रगन्धा० ना० स्त्री० अजवायन, वच, और लहसुन, गु० जिसकी गन्धि कठिन है।

उग्रसेन० ना० पु० राजा कंस का पिता।

उघटना० स० क्रि० किसी पर उपकार करके कहना वा बात मारना, ताना देना।

उघड़ना० अ० क्रि० नङ्गा होना, खुलना।

उघरे० गु० खुले, प्रकट।

उघाड़ना० } स० क्रि० नङ्गा करना, खोलना
उघारना० }

उघारी० गु० नङ्गी, खुली।

उचकना० अ० क्रि० कूदिके उठना, उछलना।

उचकाना० स० क्रि० ऊपरको उठाना वा चढ़ाना।

उचक्का० गु० चोर, उठाईगीर।

उचटना० अ० क्रि० अलग २ होना, बिछुड़ना, न लगना, उलटना, फिसलना।

उचरङ्ग० ना० पु० पतङ्गा।

उचरना० अ० क्रि० बात निकलना, उखड़ना।

उचाट० गु० उदासी, जी न लगना।

उचाटना० स० क्रि० उदास करना, उखाड़ना।

उचारना० स० क्रि० उच्चारण करना, निकालना।

उचित० गु० योग्य, ठीक, मुनासिब।

उचिलना० अ० क्रि० फटना, छुटजाना।

Digitized by Google

उचेलना० स० क्रि० मिलीहुई वस्तु को अलग२ करना, उधेड़ना।

उच्च० गु० ऊंचा।

उच्चाटन० ना० पु० जी भड़कना, जीका न लगना।

उच्चार० ना० पु० पुरीष, मल, पाखाना।

उच्चारण० ना० पु० शब्द का कहना वा निकलना।

उच्चारना० स० क्रि० उचारना, बात कहना।

उच्चैःश्रवा० ना० पु० सूर्य का घोड़ा।

उच्छिन्न० गु० निर्मूल, उखड़ा, खराब।

उच्छलित० गु० उछलता भया।

उच्छिष्ट० ना० पु० जूठनि वा जूठा, भोजन अवशेष।

उच्छ्वास० ना० पु० श्वास, आशा।

उछङ्ग० ना० स्त्री० गोद, कनियां।

उछरना० } अ० क्रि० कूदना,
उछलना० } उठना।

उछालना० स० क्रि० कुदाना, ऊपर को फेंकना।

उछाह० ना० स्त्री० आनन्द, खुशी।

उजड़ना० अ० क्रि० नाश होना, मिटना, भगना, वैरान होना।

उजला० गु० उज्वल, सफ़ेद, निर्मल।

उजागर० गु० यशवन्त, चटकीला, सुन्दर।

उजाड़० गु० सूना, बनखण्ड, वैरान।

उजाड़ना० स० क्रि० सूना करना, नाश करना, वैरान करना।

उजालना० स० क्रि० उजला करना।

उजाला० ना० पु० ज्योति तेज, प्रकाश।

Digitized by Google

उजाली० ना० स्त्री० चांदनी ।
उजास० ना० पु० उजेला ।
उज्जल० } गु० निर्मल, चोखा,
उज्ज्वल० } चमकीला, साफ़, सुन्दर ।
उझकति० गु० झांकति, ताकत ।
उझकना० अ० क्रि० देखना, स० क्रि० निझाना ।
उटङ्गन० ना० स्त्री० पौदा विशेष, और नदी जो ग्वालियर के पास है ।
उठङ्गन० ना० पु० ठेकन ।
उठना० अ० क्रि० खड़ा होना ।
उठबैठ० ना० स्त्री० घबराहट, साधन विशेष ।
उठवैया० ना० पु० उठनेवाला ।
उठाना० ना० पु० उत्थान, दिखाई ।
उठाना० स० क्रि० खड़ा करना, ऊपर लेजाना ।
उड़ना० अ० क्रि० भागना ।
उड़ान० ना० स्त्री० उड़ने की चालि ।
उड़ाना० स० क्रि० उड़ा देना, भगा देना ।
उड़ाऊ० ना० पु० लुटेरा, बहुत ख़र्च करवैया ।
उडु० ना० पु० पक्षी, नक्षत्र, मेघ, ग्रह ।
उडुगण० ना० पु० तारागण ।
उडुप० ना० पु० धरनई, बेड़ा ।
उड़िया० ना० स्त्री० उड़ेसा देश की भाषा ।
उड़ी० ना० स्त्री० नाव ।
उड़ैसा० ना० पु० देश विशेष जहां श्रीजगन्नाथ पुरुषोत्तम विराजमान हैं ।
उड्डान० ना० स्त्री० उड़ान, संस्कृत में नपुंसक ।
उढ़ना० स० क्रि० ओढ़ना, ना० पु० ओढ़ने का वस्त्र ।
उढ़ाना० स० क्रि० ओढ़ना, ढांपना ।

Digitized by Google

उत० अव्य० ऊपर, उधर, जिस शब्द के प्रथम में यह युक्त हो उसका अर्थ अधिक लिया जाता है।

उतङ्ग० } गु० ऊंचा, रामायणे यथा, अति उतङ्ग
उत्तुङ्ग० } जल निधि चहुं पासा।

उतरना० अ० क्रि० नीचे आना।

उतला० गु० उतावला।

उताना० गु० उलटा, ऊपर को पांव किये।

उतार० ना० पु० नीचे आना, नीचला।

उतारना० स० क्रि० नीचे लाना, दूरि करना।

उतारा० ना० पु० ढालु, अपमान, छुड़ौती, पार जाना।

उतावल० ना० स्त्री० शीघ्रता, जल्दी।

उतावला० गु० वेगी, शीघ्र, फुर्तीला।

उतावली० ना० स्त्री० शीघ्रता, फुर्त्ती, गु० फुर्त्तीली।

उताहिल० गु० शीघ्र, जल्द।

उत्कट० गु० बरजस: उसी समय तेज अधिक।

उत्कण्ठा० ना० स्त्री० अभिलाषा, चाहना।

उत्कर्ष० ना० स्त्री० बड़ाई।

उत्कल० ना० पु० उड़ेसादेश, उड़ेसा के बासी

उत्क्रम० ना० पु० ऊपर चढ़ना।

उत्कृष्ट० गु० अच्छा, श्रेष्ठ, उत्तम।

उत्तमगन्धा० ना० स्त्री० मालती।

उत्तमाङ्ग० ना० पु० सिर, शीस।

उत्तमाशा० ना० स्त्री० आफ्रिका के दक्षिण की अन्तरीप, केप गुड होप।

Digitized by Google

उत्तर० ना० पु० प्रश्न का बोधक, जवाब, दक्षिण के सम्मुख की दिशा, राजा। विराट का पुत्र।

उत्तरकेन्द्र० ना० पु० जिसको भास्कराचार्य शास्त्री ने सिद्धान्तभूति में सुमेरु लिखा है, यह स्थान अत्यन्त शीत के कारण अगम्य है।

उत्तर कोशल० ना० पु०
उत्तर कोशला० अवधदेश।

उत्तरखण्ड० ना० पु० उत्तर का देश।

उत्तरा० ना० स्त्री० राजा विराट की कन्या जो अभिमन्यु को बिवाही थी।

उत्तराधिकारी० ना० पु० मरने के पीछे जो धनाधिकारी।

उत्तराफाल्गुनी० ना० स्त्री० बारहवां नक्षत्र।

उत्तराभाद्रपद० ना० पु० छब्बीसवां नक्षत्र।

उत्तरायण० ना० पु० माघादि छः मास।

उत्तरार्द्ध० गु० पिछिला, आधा।

उत्तराषाढ़० ना० स्त्री० इक्कीसवां नक्षत्र।

उत्तराहा० गु० जो उत्तर दिशा का है।

उत्तरी० गु० उत्तर का।

उत्तरीय० ना० स्त्री० ओढ़नी, रामचन्द्रिकायां यथा, पदपद्म की शुभ घूंघरी, मणि नील हाटक सों जरी, युत उत्तरीय विचारि कै भुवडारि दी पगटारि कै, गु० उत्तर देश का पदार्थ वा मनुष्यादि।

उत्तरोत्तर० अव्य० आगेआगे।

उत्तानपत्र० ना० पु० दोनों अरण्ड।

उत्तानपाद्० ना० पु० राजा विशेष, ध्रुव का पिता।

उत्ताल० गु० शीघ्र, जल्दी, वेग।

उत्तीर्ण० गु० पार पहुंचा, निर्मुक्त।

उत्तू० ना० पु० चुन्नति, चुनाई वस्त्रादिकी।

उत्थान० ना० पु० उठान, उद्योग।

उत्थापन० ना० पु० उठावना, न थपना।

उत्थित० गु० उठा हुवा।

उत्पत्ति० ना० स्त्री० जन्म, पैदायश।

उत्पन्न० गु० जन्मा, प्रकटा।

उत्पल० ना० पु० कमल, कोई।

उत्पाटन० ना० पु० जड़समेत उखाड़ना।

उत्पात० ना० पु० अशुभ का सूचक, उपद्रव।

उत्पादन० ना० पु० जन्मावना, पैदा करना।

उत्प्रेक्षा० ना० स्त्री० ठोक, सदृशता।

उत्सर्ग० ना० पु० देवतादि के लिये द्रव्य का त्याग, वितरण, किसी प्रकार की आज्ञा।

उत्सव० ना० पु० आनन्द, यज्ञ, अधीरज।

उत्साह० ना० पु० उद्योग, आनन्द।

उथपन० ना० पु० उखाड़ना, उठाना।

उथपना० स० क्रि० उठादेना, उखाड़ डालना।

उथपित० गु० उठाया गया।

उथलना० अ० क्रि० उलटना।

Digitized by Google

उथलपुथल० गु० उलट पुलट।
उथला० गु० छिछला, थोड़ा गहिरा।
उदक० ना० पु० जल, पानी।
उदघाटी० ना० स्त्री० उदयता, उदयाचल की घाटी।
उदधि० ना० पु० समुद्र।
उदधिनन्द० ना० पु० चन्द्रमा।
उदनपाक्य० ना० पु० पियावा सापौधा।
उदन्वान० ना० पु० समुद्र, सागर।
उदमाते० गु० मत्त, मस्त, मखमूर।
उदय० ना० पु० प्रकटना, रोशन, ज्योति।
उदयगिरि० } ना० पु० पर्वत
उदयाचल० } विशेष जहां सूर्योदय होता है।
उदयास्त० ना० पु० सूर्योदय से सूर्यास्त तक, उदयाचल से अस्ताचल तक।
उदर० ना० पु० पेट।
उदरनि० ना० पु० पेट का बहुवचन भाषा में।
उदरवृद्धि० ना० पु० जलन्धर रोग विशेष।
उदरे० गु० फटे।
उदात्त० ना० पु० ऊंचा स्वर।
उदान० ना० पु० पञ्च प्राण में से एक।
उदार० गु० दाता, सखी।
उदारता० ना० स्त्री० दातापन, दातव्यता।
उदास० ना० पु० एकान्त, गु० निराला, निर्मोह, दुख सुख समान, ज्ञाता, मन मलीन।
उदासी० ना० पु० एकान्ती, ना० स्त्री० मलीनता, गु० मनमलीन, एक प्रकार के सन्तों का धर्म यथा नानक पन्थी,

Digitized by Google

जो मनुष्य शत्रु मित्र रहित संसार में विचरै।

उदासीन॰ गु॰ जिसका कुछ शील नहीं जाना अर्थात् पाहुन, समानवर्ती गृहस्थाश्रम रहित।

उदाहरण॰ ना॰ पु॰ दृष्टान्त, मिसाल।

उदित॰ आविर्भूत, प्रकाशित, रोशन।

उदीची॰ ना॰ स्त्री॰ उत्तर दिशा।

उदीच्य॰ ना॰ पु॰ ऐरावती नदी के उत्तर और पश्चिम का देश।

उदुम्बर॰ ना॰ पु॰ गूलर वृक्ष, तांबा धातु।

उदूखल॰ ना॰ पु॰ गूगल।

उद्गार॰ ना॰ पु॰ डकार, वमन, छर्दि।

उद्गारवाची॰ गु॰ हर्षदुःखादि भाव बताने द्वारा।

उद्घाटन॰ ना॰ पु॰ कूप से पानी निकालने के लिये डोल रस्सी, चरसा, खुलवैया।

उद्दाल॰ ना॰ पु॰ कचनार।

उद्दालक॰ ना॰ पु॰ एक मुनि का नाम है।

उद्दिष्टलोहित॰ ना॰ पु॰ लाल चन्दन।

उद्दीप्त॰ गु॰ प्रज्वलित, अति-प्रकाशित।

उद्देश॰ } ना॰ पु॰ अन्वेषण,
उद्देश्य॰ } प्रीति की कामना निमित्त, व्याकरण में जिसका समाचार कहा जावे।

उद्धत॰ गु॰ कुचाल, अभिमानी, ना॰ पु॰ राजा का मल्ल।

उद्धार॰ ना॰ पु॰ अकरण, त्याग, रक्षा, छुट्टी।

उद्धारण॰ ना॰ पु॰ छोड़ना, छुटना।

उद्धारना॰ स॰ क्रि॰ छुड़ाना, आज्ञा देना।

उद्भव० ना० पु० जन्म, पैदायश ।

उद्भिज० } ना० पु० वृक्षलतादि
उद्भिद० } जो पृथ्वी पर उगते हैं ।

उद्यत० ना० पु० गु० परिश्रमी, तैयार ।

उद्यम० ना० पु० उद्योग, उपाय, रोज़गार ।

उद्यान० ना० पु० राजाकाउपवन, चाल, निमित्त ।

उद्योग० ना० पु० उद्यम, उत्थान ।

उद्योत० ना० पु० प्रकाश, चमक ।

उद्वाह० ना० पु० विवाह ।

उद्विग्न० गु० अधीरज, व्याकुल ।

उद्वेग० ना० पु० व्याकुलता, घबराहट, गड़बड़, दु:ख ।

उद्बोध० ना० पु० स्मरण ।

उधर० अव्य० वहां ।

उधार० ना० पु० करज़ ।

उधारन० ना० पु० छुड़ाने हारा ।

उधारना० स० क्रि० छुड़ाना, मुक्तिदेना ।

उधेड़ना० स० क्रि० सुलझाना, खोलना ।

उनचास० गु० चालीस और नौ ४९ ।

उनतालीस० गु० तीस और नौ ३९ ।

उनतीस० गु० बीसऔरनौ २९ ।

उनये० गु० घटा, दबिआये ।

उनसठ० गु० पचासऔरनौ ५९

उनासी० गु० सत्तर और नौ ७९

उनीदे० गु० नींद भरे ।

उनीस० गु० दश और नौ १९ ।

उन्दुर० ना० पु० चूहा, मूस ।

उन्नत० गु० ऊंचा, बलन्द ।

उन्नति० ना० स्त्री० ऊंचाई, बढ़ती ।

Digitized by Google

उन्मत्त० }
उन्मद० } गु० मतवाला, विक्षिप्त, सिड़ी, और अष्टभैरव में एक उन्मत्त नामी है ।

उन्माद० ना० पु० चितभ्रम, सिड़पन ।

उन्मादन० ना० पु० रोगविशेष जिस में चितभ्रम होकर सिड़पन हो जाता है ।

उन्मुख० ना० पु० ऊर्द्ध्वमुख, ऊपर देखना ।

उन्मेष० ना० पु० पलक, झपक ।

उन्हार० ना० स्त्री० ढाल, गु० रूप, समान, सदृश ।

उप० अव्य० समीप, यह जिस शब्द के प्रथम में संयुक्त होता है उसका अर्थ कभी अधिकाई कभी समीपता कभी न्यूनता आदिक होजाता है ।

उपकण्ठ० ना० पु० किनारा, तट ।

उपकरण० ना० पु० सामग्री, सामान ।

उपकानन० ना० पु० कृत्रिमवन, बाग़ ।

उपकार० ना० पु० कृपा, सहायता, अहसान ।

उपकारी० गु० कृपावन्त, सहायक, सुमिष्ट, लाभयुत, फायदः मन्द ।

उपकालिका० }
उपकुञ्चिका० } ना० स्त्री० कलौंजी ।

उपक्रम० ना० पु० प्रारम्भ धोखा ।

उपगति० गु० जिस वस्तु के लिये वाचा दिया ।

उपग्रह० ना० पु० बंधुआ, कृपा, सहायता, ग्रहसम्बन्धी तारा ।

उपचार० ना० पु० उपाय, सेवा, वैद्यकाई, व्यवहार, घूस ।

उपज० ना० स्त्री० जो तत्काल में कहाजावे अथवा गायाजावे ।

उपजना० अ० क्रि० उगना, बढ़ना, जन्मना ।

उपजा० गु० जन्मा, उगा, पैदाहुआ ।

उपजाऊ० गु० उपजनेहारा ।

उपजाना० स० क्रि० उत्पन्न करना, सिरजना ।

उपजित० गु० जो उत्पन्न भया, जन्मित ।

उपजीविका० ना० स्त्री० जीविका, वृत्ति ।

उपड़ना० अ० क्रि० उखड़ना ।

उपताप० ना० पु० रोग, फुर्त्त, उष्णता, पीड़ा ।

उपदंश० ना० पु० सवार, सुज़ाक ।

उपदा० ना० स्त्री० भेंट ।

उपदेश० ना० पु० शिक्षा, मन्त्र, ज्ञान ।

उपदेशक० } गु० जो उपदेश देवे, गुरु ।
उपदेशी० }

उपद्रव० ना० पु० उत्पात, अन्याय, और विग्रह, बखेड़ा ।

उपद्रवी० गु० बखेड़िया, उत्पाती ।

उपद्वीप० ना० पु० द्वीप समीप, छोटा टापू ।

उपधान० ना० स्त्री० तकिया, रज़ाई ।

उपधि० गु० साथीराहका, धोखा ।

उपनन्द० ना० पु० नन्दकी सन्तान वा उनके सम्बन्धी ।

उपनयन० ना० पु० ब्राह्मणादि तीन वर्णों का यज्ञोपवीत अर्थात् जनेऊधारण के हेतु संस्कार ।

Digitized by Google

उपनाम० ना० पु० पदवी, खिताब वा एकही मनुष्य का द्वितीय नाम अथवा कुटुम्बी नाम यथा, लाला, साह, तिवारी।

उपनिषद्० ना० स्त्री० वेदका रहस्य भाग।

उपनेत्र० ना० पु० चशमह, ऐनक।

उपपति० ना० पु० जार, द्वितीय कान्त स्त्री का।

उपपत्ति० ना० स्त्री० मुख्यता, सबूत।

उपपातक० ना० पु० महापाप, यथा गोबधादि।

उपमा० ना० स्त्री० समानता, दृष्टान्त, नज़ीर।

उपमान० ना० पु० सादृश्य, जिससे उपमा दी जावे यथा कमल नयन यहां कमल उपमान औ नयन उपमेय है।

उपमेय० ना० पु० जिसकी उपमा दी जाती है।

उपयुक्त० गु० योग्य।

उपयोगी० गु० अनुकूल, लाभकारी, मुफ़ीद।

उपराग० ना० पु० चन्द्रमा सूर्य का ग्रहण वा विषय भोग।

उपराजा० ना० पु० युवराज, राजा का नायब।

उपरान्त० अव्य० पीछे, पश्चात्।

उपराम० ना० पु० संसारीसुख की निवृत्ति, वैराग्य, ऊपरी।

उपराला० ना० पु० सहायता, मदद, अधिक।

उपरि० अव्य० ऊपर।

उपरोध० ना० पु० सङ्कोच, सहायता, बड़ाई, गौरव।

उपर्ना० ना० पु० अंगोछा, एकपट्टा, ओढ़नी।

उपल० ना० पु० पत्थर।

Digitized by Google

उपलक्षण॰ ना॰ पु॰ थोड़ा जिससे समूचा समझा जावे, गु॰ जिससे गुणी जाना जावे ।

उपला॰ ना॰ पु॰ कण्डा ।

उपवन॰ ना॰ पु॰ कृत्रिमवन, आराम, बाग़ ।

उपवर्ह॰ }
उपवर्हण॰ } ना॰ पु॰ तकिया, सिरहाना ।

उपवास॰ ना॰ पु॰ व्रत, लङ्घन, रोज़ह ।

उपवीत॰ ना॰ पु॰ यज्ञोपवीत, जनेऊ ।

उपवेद॰ ना॰ पु॰ जो विद्या वेदों से निकली है और चारि उपवेद हैं अर्थात् आयुष, गन्धर्व, धनुष, धर्म शास्त्र ।

उपशम॰ ना॰ पु॰ शान्ति, समाई ।

उपशास्त्र॰ ना॰ पु॰ विद्या जो शास्त्र से निकली है ।

उपस॰ ना॰ स्त्री॰ दुर्गन्धि, सड़ाहिंद ।

उपसना॰ ध॰ क्रि॰ उबसना, सड़ना ।

उपसर्ग॰ ना॰ पु॰ क्रिया के साथ संयुक्त जो प्र॰ पर, अप, सम, इत्यादि ।

उपस्थ॰ ना॰ पु॰ स्त्री॰ लिङ्ग, योनि ।

उपस्थित॰ गु॰ सन्मुख गत, प्राप्त, तैयार ।

उपसागर॰ ना॰ पु॰ छोटा समुद्र, समुद्र का भाग ।

उपहार॰ ना॰ पु॰ भेंट, नज़र, पूजा ।

उपहास॰ ना॰ पु॰ ठट्ठा हंसी ।

उपाख्यान॰ ना॰ पु॰ पुराण की कथा ।

उपाटना॰ स॰ क्रि॰ उखाड़ना ।

उपादान॰ ना॰ पु॰ विभेदरूप, निमित्त, कारण ।

Digitized by Google

उपाधि॰ ना॰ स्त्री॰ उपद्रव, अन्याय, समीप, प्राप्त, माया, बाधा, ना॰ पु॰ स्वामी, मालिक, धर्म की चिन्ता, गु॰ छल, कपट।

उपाधी॰ गु॰ अधर्मी, उपद्रवी, अन्यायी।

उपाध्या॰ ना॰ पु॰ ब्राह्मण, जाति विशेष।

उपाध्याय॰ ना॰ पु॰ अध्यापक, पढ़ानेहारा।

उपाना॰ स॰ क्रि॰ सिरजना, उत्पन्न करना, उपार्जन करना।

उपानत्॰ ना॰ पु॰ जूता।

उपान्त्य॰ ना॰ पु॰ अन्त अक्षर का पूर्व वर्णादि।

उपाय॰ ना॰ पु॰ उद्योग, यत्न, रीति, तदबीर।

उपायी॰ गु॰ उद्योगी, यत्नी।

उपार्जन॰ ना॰ पु॰ विद्या वा धनादिका सङ्ग्रह, कमाई, प्राप्त।

उपार्जित॰ गु॰ जो प्राप्त भया, कमाया।

उपालम्भ॰ ना॰ पु॰ उलाहना।

उपास॰ ना॰ पु॰ व्रत, उपवास।

उपासक॰ }
उपासी॰ } गु॰ जो उपासना करे, सेवक।

उपासना॰ ना॰ स्त्री॰ सेवा, टहल, अनुवृत्ति, देवादि विषय भावना विशेष।

उपास्य॰ गु॰ उपासना के योग्य, आराध्य।

उपेक्षा॰ ना॰ स्त्री॰ धोखा, त्याग।

उफन्ना॰ }
उफनाना॰ } अ॰ क्रि॰ उबलना जोश खाना।

उफाल॰ ना॰ पु॰ कूर्दन, कूदनि, कूदना।

उबकना॰ अ॰ क्रि॰ वमन होना, जीमलकनाकी।

उबकाई॰ ना॰ स्त्री॰ वमन, जीकी मलक।

Digitized by Google

उबकाना। अ० क्रि० वमन करना, उछाल करना।

उबटन। ना० पु० वस्तु आटा वा बेसनवासरसों जिससे देहका मैल छुड़ाते हैं।

उबटना। स० क्रि० उबटन लगाना।

उबरना। अ० क्रि० बचना।

उबरा। गु० बचगया।

उबलना। अ० क्रि० खलबलाना, खौलना।

उबाल। ना० पु० खलबलाहट के पीछे उफनाना।

उबसना। अ० क्रि० सड़ना-कुगन्धि करना।

उबसाना। स० क्रि० सड़ाना।

उबारना। स० क्रि० बचाना, छुड़ाना।

उबारू। ना० पु० बचाव, छुटकारा।

उबालना। स० क्रि० पकाना, खौलना।

उभक। ना० पु० रीछ, भालू।

उभय। सर्व० गु० दो।

उभरना। अ० क्रि० उठना, निकलना, उमड़ना।

उभार। ना० पु० उठान, फूलावट, गुमड़ा।

उभारना। स० क्रि० फूलना, उठाना।

उभौ। ना० पु० दोनो।

उमगा। गु० फूला, उठा।

उमगाना। स० क्रि० स० फुलाना, उठाना, मन बढ़ाना।

उमंग। ना० स्त्री० मग्नता, धुन, तृष्णा, चाहक।

उमंगना। अ० क्रि० उमंगसे आगेजाना।

उमंगी। गु० धुनी, अभिलाषी।

उमगड़ना। } अ० क्रि० उभरना, घिरआना।
उमड़ना। }

उमरी। ना० स्त्री० गुलरहन।

Digitized by Google

उमड़ाना। स० क्रि० उमड़ना।

उमा। ना० स्त्री० पार्वती, भवानी।

उमानाथ। ना० पु० श्री महादेव जी।

उर। ना० पु० छाती, गोदी, हृदय।

उरग। ना० पु० सांप, सर्प।

उरगना। स० क्रि० सहना, जोग बना, रामचन्द्रिका यां यथा, आइ भरत्थ कहाधों करैं जियभाय गुनो जो दुख देंय तो लैउर गौयह बातसुनो।

उरग्र। ना० स्त्री० भेंड़ी।

उरगाद। }
उरगारि। } ना० पु० गरुड़, मयूर, मोर न्योला।

उरझना। स० क्रि० अटकना, लगना।

उरला। गु० दूधरका।

उरु। ना० स्त्री० जंघ का ऊपरी भाग, गु० बहुत।

उर्णा। ना० स्त्री० भेंडी।

उर्मि। ना० स्त्री० लहरी, बीची।

उर्द। ना० पु० माष, अन्न विशेष।

उर्वरा। ना० स्त्री० उपजाऊ धरती, खेतीकेयोग्य।

उर्विज। ना० पु० जो धरतीमें उपजा है, मंगल।

उर्विजा। ना० स्त्री० श्रीजान, कीजी।

उर्वशी। ना० स्त्री० मुख्यअप्सरा, मनवसी, धुकधुकी, आभरण।

उर्वी। ना० स्त्री० पृथ्वी, धरती।

उरसराड़न। ना० पु० कुच, स्तन, चूची।

उरहन। ना० पु० गिल्ला, शिकायत।

उरोज। ना० पु० कुच, स्तन।

उलझनि। ना० स्त्री० फसाव, अटकाव।

उलझना। अ० क्रि० फसना, लपटना, स० क्रि० झगड़ना।

उलझाना॰ स॰ क्रि॰ फसाना, अटकाना, भिड़ाना, लपटाना।

उलझेड़ा॰ ना॰ पु॰ उलझन, फसाव।

उलटना॰ स॰ क्रि॰ पलटना, फेरना, अ॰ क्रि॰ औंधा होना, उलटिजाना।

उलटा॰ गु॰ औंधा, पलटा।

उलटाना॰ स॰ क्रि॰ औंधाना पलटाना।

उलटापुलटा॰ गु॰ गटपट, नीचे ऊपर।

उलयना॰ अ॰ क्रि॰ लहराना।

उलया॰ ना॰ पु॰ उलथा, तर्जुमा, रागिनी विशेष, नृत्यभेद।

उलहना॰ ना॰ पु॰ दोष, निन्दा गिल्ला, अ॰ क्रि॰ उगना, लहलहाना।

उलाहना॰ ना॰ पु॰ गिल्ला, शिकायत।

उलूक॰ ना॰ पु॰ उल्लू, दिवान्ध, घूघूपक्षी।

उलूखल॰ ना॰ पु॰ ओखली।

उलूपी॰ ना॰ स्त्री॰ मकड़ी, बभ्रुवाहन की माता।

उल्का॰ ना॰ पु॰ लूका, अग्नि वा तारा जो आकाश से गिरता है वा दीपक का फूल।

उल्कापात॰ ना॰ पु॰ तारा छूटना, लूका गिरना उपद्रवीय कारण होना, आश्चर्य्य।

उलया॰ ना॰ पु॰ उलथा, तर्जुमा, नृत्यविशेष।

उल्मुक॰ ना॰ पु॰ लूका, कोयला, जलीलकड़ी।

उल्लङ्घन॰ ना॰ पु॰ अन्यथा वा भङ्ग करना वानमानना लांघिजाना।

उल्लाला॰ ना॰ पु॰ छन्द विशेष।

उल्लास॰ ना॰ पु॰ मेल, लेख

Digitized by Google

उल्लू० ना० पु० पक्षी विशेष, मूर्ख, अहमक।

उल्लूपन० ना० पु० मूर्खता, अहमकी।

उशीर० ना० पु० तृण विशेष की जड़ जिसमें गन्धि होती है खस।

उशना० ना० पु० शुक्राचार्य्य, स्मृति विशेष।

उष्ट्र० ना० पु० ऊंट।

उष्ण० ना० पु० गरम, तप्त, तपन, गरमी।

उष्णकटिबन्ध० ना० पु० पृथ्वी का मध्यस्थान अर्थात् मध्य रेखा के उत्तर २३ 1/2 अंश और दक्षिण २३ 1/2 अंशतक।

उष्णज० ना० पु० वनस्पति, जो पृथ्वीपर उगते हैं।

उष्णीष० ना० पु० पगड़ी, मुकुट

उसन्ना० अ० क्रि० उबलना, पकना।

उसरना० अ० क्रि० टलना, पीठदेना।

उसाना० स० क्रि० उबालना, बुरकाना।

उसारा० ना० पु० ओसारा, डेवढ़ी।

उसास० ना० पु० श्वास, दम।

उसासी० ना० स्त्री० फुरसत, कल।

उसाह० गु० कुसमय, बेमोसम।

उसीजना० स० क्रि० उबलना।

उसीसा० ना० पु० सिरहना, तकिया।

उस्तर० गु० संत, बिनमोल।

उहरना० अ० क्रि० बैठना, दबना।

[ऊ]

ऊंघ० ना० स्त्री० घोघाह, झपकी, नींद।

Digitized by Google

ऊघना० अ० क्रि० नींद आना, झपकी आना।

ऊघाई० ना० स्त्री० ऊंघ।

ऊचा० गु० उच्च, बलन्द।

ऊंट० ना० पु० पशु विशेष।

ऊटकटारा० ना० पु० भर भोंड।

ऊटकटोला० ना० पु० पौधा विशेष।

ऊकारान्त० गु० जिस शब्द के अन्त में ऊकार है।

ऊख० ना० स्त्री० गन्ना वा गन्नों का खेत।

ऊखल० ना० पु० बड़ी उखली।

ऊखाड़ी० ना० पु० गन्नों का खेत।

ऊत० ना० पु० मनुष्य जो सन्तान हीन मरे, बिरोध, अवि वाञ्छित अति दुष्ट वा मूर्ख।

ऊतर० ना० पु० उत्तर, जवाब।

ऊत्क्रम० गु० विपरीत क्रम, बिना मिलान, बेसिलसिल:।

ऊदबिलाव० ना० पु० जल जन्तु विशेष।

ऊदा० गु० भूरा।

ऊदाई०, ऊदाहट० } ना० स्त्री० कपिश, भूरा पन।

ऊधौ० ना० पु० श्रीकृष्ण का एक सखा।

ऊन० ना० स्त्री० भेड़ी आदि के बाल, थोड़ा न्यून।

ऊनबिंश०, ऊनविंशति० } ना० पु० उन्नीस १९।

ऊना० ना० पु० खड्ग विशेष, दोष।

ऊनी० गु० जो ऊन से बना है।

ऊपर० ना० पु० उपरि, बाला।

ऊपरिस्थ० गु० ऊपर ठहरा भया।

Digitized by Google

ऊबट० गु० औघट, अगम्य, कुमार्ग।

ऊमरि० ना० स्त्री० गूलरि का वृक्ष।

ऊर्ज्ज० ना० पु० कार्त्तिक मास।

ऊर्ण० ना० पु० मेषादि के लोम, ऊन।

ऊर्णनाभि० ना० स्त्री० मकड़ी।

ऊर्णायु० ना० स्त्री० भेड़ी।

ऊर्द्ध० गु० ऊपर।

ऊर्द्धकाण्डा० ना० स्त्री० बड़ी सतावर।

ऊर्द्धतिक्त० ना० पु० चिरायता।

ऊर्द्धपुण्ड्र० ना० पु० वैष्णवीतिलक।

ऊर्द्धरेता० ना० पु० संन्यासी, ऋषि, और जितेन्द्रिय, जिसका स्त्री प्रसङ्ग में काम पतन न हो।

ऊर्द्धश्वास० } ना० पु० ऊपर
ऊर्द्धसांस० } को स्वांस।

ऊर्द्ध० अव्य० ऊपर।

ऊर्मिला० ना० स्त्री० संज्ञा विशेष।

ऊलुआ० ना० पु० तृणविशेष।

ऊषण० ना० पु० कालीमिरच, और पीपरा मूल।

ऊष्मा० ना० स्त्री० गर्मी, क्रोध रोष।

ऊसर० ना० पु० ऊसर।

ऊसरपा० ना० पु० खारीलोन।

ऊषा० ना० स्त्री० बाणा सुर की कन्या।

ऊषाकाल० ना० पु० प्रातःकाल, तड़का।

ऊसर० ना० पु० वह धरती जिसमें अन्नादि उत्पन्न नहीं होता है।

ऊह० ना० पु० तर्क।

[ऋ]

ऋक्० } ना० पु० प्रथम वेद।
ऋग्० }

Digitized by Google

ऋकारान्त० गु० जिस शब्द के अन्त में ऋकार हो।

ऋचा० ना० स्त्री० बेदके मन्त्र ।

ऋजु० गु० सरल, सीधा ।

ऋजुभुज० गु० सीधीरेखा वा भुजा वा मेंड़ ।

ऋजुभुजक्षेत्र० ना० पु० वह क्षेत्र जो कई सूधीरेखाओं से घिरा हो ।

ऋण० ना० पु० उधार, क़र्ज़ह।

ऋणक० गु० क़र्ज़दार ।

ऋणिया० गु० धरता, क़रज़ी।

ऋणी० गु० क़रज़ दार ।

ऋतु० ना० स्त्री० बसन्तादि छः, अर्थात् बसन्त, १ ग्रीष्म, २ बर्षा, ३ शरद, ४ हेमन्त, ५ शिशिर, ६ और रज समय, (मौसम ।

ऋतुमती० ना० स्त्री० रजस्वला, अपडों से ।

ऋतुराज० ना० पु० बसन्त, बहार ।

ऋद्धि० } ना० स्त्री० पार्वतीजी,
ऋधि० } औषधि पौधा बिशेष, धन, सम्पदा ।

ऋषि० ना० पु० बेदज्ञ, मुनि, और तपस्वी।

ऋषिप्रति० ना० पु० ऋषियों में जो प्रधान, बड़ा बिद्या निधान, भागवत धर्मी ।

ऋषिमित्र० ना० पु० शान्त प्रिय, फ़क़ीरोंका दोस्त, राम चन्द्रिका में लिखा मित्र बोधक ।

ऋषिराज० } ना० पु० ऋषि पति ।
ऋषीश० }
ऋषीश्वर० }

ऋषभ० ना० पु० राग, स्वर, विशेष, श्रेष्ठ ।

ऋक्ष० ना० पु० भालू, रीछ, तारा ।

Digitized by Google

ऋक्षपति०, ऋक्षराज०, ऋक्षेश० } ना० पु० जाम्बुवन्त, और चन्द्रमा ।

[ए]

ए० अव्य० ग्यारहवां अक्षर सम्बोधन का सूचक ।

एक० गु० गिनती का प्रथम अङ्क, अद्वितीय १ ।

एककाल० गु० समान समय, और एक समय ।

एककालीन० गु० समान काल में उत्पन्न भया, हम उमर ।

एकटक० ना० पु० एक ताक से देखना, ।

एकट्ठा० गु० जो एक स्थान में जमा कियावा भया है ।

एकतराज्वर० ना० पु० अन्तरिया, तिज रावा तजारी ।

एकतही० ना० पु० एक जगह, ना० स्त्री० मिर्जाई ।

एकता० ना० स्त्री० एकाई, मेल समानता ।

एकतान० गु० एकमति, दुविधारहित ।

एकदा० अव्य, एक समय ।

एकरस० गु० षट्भाव विकार रहित ।

एकरूप० ना० पु० समभाव ।

एकलोटा०, एकलौता० } गु० जो लड़का अपने मातापिता का अकेला होवे ।

एकवचन० गु० बात, एक मुख्यमर ।

एकवर्णात्मक० गु० जिस शब्द में एक अक्षर है ।

एकसर० गु० एकमति, दुविधा रहित ।

एकसा० गु० समान, बराबर

एकसार० समान, एकरस ।

एकछत्र० ना० पु० बिना खटके एकही राज्य ।

एकच० अव्य० एकठौर, एकस्थान।

एकचता० ना० स्त्री० एकठौर होना।

एकाई० ना० स्त्री० एकता।

एकाएकी० अव्य० अचानक, एकबार में।

एकाकार० गु० समानरूप, कलि धर्म, एक जाति, एकाचार, ब्राह्मणादिका विशेषवर्ण धर्मको त्यागि केपश्चादिसमानरहना।

एकाकी० गु० अकेला।

एकाग्र० गु० एकमन, एकमति, दुविधा रहित।

एकाङ्ग० गु० निश्चयकरि सत्य।

एकादशी० ना० स्त्री० पक्षकी ग्यारहवीं तिथि।

एकाधिपति० ना० पु० अनेक देशों का एक राजा।

एकान्त० गु० निराला, निपट, निर्जन स्थान।

एकान्तर० ना० पु० एक ओर।

एकान्तरकोण० ना० पु० एक ओर का कोना।

एकायन० गु० एकमति, एकमार्ग।

एकारान्त० गु० जिस शब्द के अन्त में एकारहो।

एकाक्ष० ना० पु० काक, काना।

एकैकांक० अव्य० निश्चय करि सत्य।

एकैक० गु० प्रत्येक, हरएक।

एड० ना० स्त्री० घोड़े को दौड़ाने वा चलाने के निमित्त पांव के पिछले भाग की ठोकर मारना।

एडी० ना० स्त्री० पांव का पिछला भाग।

Digitized by Google

एण० नाο पुο पाप, हानि, मृग हरिया, घर कपट।

एणी० नाο स्त्रीο हरिणी।

एणीन० नाο स्त्रीο एणी का बहुवाक्य।

एणमद० नाο पुο कस्तूरी, मुश्क।

एतदर्थ० अव्यο इसलिये।

एतना० गुο इतना, इसक़दर।

एतान्० गुο इतने, इसक़दर, इसप्रकार।

एतादृश० गुο ऐसे, इसप्रकार।

एतावता० अव्यο इस करके, इस कारण।

एतावन्मात्र० गुο इतनाही, यही केवल।

एरण्ड० नाο पुο अरण्ड, रेंड़।

एलवा०
एलवालुक०
एलवालु० } नाο पुο ओषधि विशेष अर्थात् मुसब्बर।

एला० नाο स्त्रीο इलायची।

एलेई० नाο पुο हेइमारें ईश्वर।

एव०
एवं०
एवम्० } अव्यο इस प्रकार, और।

एवमस्तु० अव्यο ऐसाही हो।

[ऐ]

ऐंच० नाο पुο सङ्कोच, खेंच।

ऐंचना० सο क्रिο खेंचना।

ऐठ० नाο स्त्रीο बल, मड़ोड़।

ऐठना० सο क्रिο मरोड़ना बलदेना, अο क्रिο बलखाना, मरोड़िजाना।

ऐकाधिपत्य० नाο पुο अद्वितीय देशाधिपत्य, पदवी।

ऐकाह्निक० नाο पुο अन्तरिया

ऐक्य० नाο पुο एकता, समानता।

ऐगुन० गुο औगुण।

ऐनमैन० गुο ज्यों का त्यों

Digitized by Google

धारित० गु० जो धारण किया गया।

धारी० ना० स्त्री० लकीर, पौधाविशेष।

धार्तराष्ट्र० ना० पु० कालाहंस, यथा, राजहंसास्तुते चंचुचरणैर्लोहितैः सिताः। मलिनैर्मल्लिकाख्यास्ते धार्तराष्ट्राः सितेतरैः॥ इत्यमरः धृतराष्ट्र का पुत्र, सुयोधन।

धाव० ना० पु० पौधाविशेष दौड़।

धावंक्ष्य:० ना० पु० दौड़ने-वाला खरगोश।

धावन० ना० पु० सन्देशिया, दूत, हरकारह।

धावना० अ० क्रि० दौड़ना, फिराकरना, चढ़ना, रखड़ना, अर्चना।

धावनी० ना० स्त्री० दूती, छोटीकटाई खेत।

धावमान० गु० दौड़ताभया।

धावा० ना० पु० दौड़, चढ़ाई, वृत्तविशेष।

धाह० ना० स्त्री० शराटा, कूक।

धात्री० ना० स्त्री० धरती, सरस्वती, धाई, ना० पु० आंवला।

धिक्० अव्य० निन्दा का बोधक शब्द, फिट, लानत कुछनभये।

धिक्कार० ना० पु० फिटकार, निन्दा, शाप, लानत।

Digitized by Google

धिक्कारना० स० क्रि० निन्दा करना, फिटकारना, लानत करना ।

धिक्कारी० गु० शापित, निन्दित, फिटकारी ।

धिग्० अव्य० धिक् ।

धिया० ना० स्त्री० बेटी, पुत्री ।

धिर्यो० क्रि० धमकाया, डांटा ।

धिराना० स० क्रि० धमकाना, डांटना ।

धिषण० ना० पु० ब्रह्मा, बृहस्पति ।

धिषणा० ना० स्त्री० बुद्धि ।

धी० ना० स्त्री० बुद्धि, बेटी ।

धीति० ना० स्त्री० प्रतीति, विश्वास, कविवाक्ययथा, मो हिहार बैठाय सखिलू किनजलछितजाय, धीतिलालतेरीकहा दधि चुराइ अजखाय ।

धीम० ना० पु० ढील, कोमलता ।

धीमर० ना० पु० कहारजाति विशेष ।

धीमा० गु० ढीला, कोमल मध्यम ।

धीमाई० ना० स्त्री० ढील, धीरज, सुस्ती ।

धीमान्० गु० बुद्धिवान्, चतुर ।

धीमेधीमे० अव्य० हौलेहौले ।

धीय० ना० स्त्री० बुद्धि, कन्या ।

धीर० गु० ढीला, सन्तोषी, जीवटा, स्थिर, ना० पु० धीरज ।

धीरज० ना० पु० धैर्य, स्थिरता, साहस, सन्तोष ।

धीरजी० गु० दृढ़, सन्तोषी, स्थिर ।

धीरता० ना० स्त्री० धैर्य, स्थिरता, साहस ।

धीरा० गु० कोमल, सन्तोषी, साहसी, विचारशील ।

धीरिया० ना० स्त्री० बेटी ।

धीरी० ना० स्त्री० नेत्रकीपुतली ।

Digitized by Google

धीर० गु० दृढ़, धीरजी, बहादुर।
धीवर० ना० पु० धीमर, कैवर्त्त।
धुंगार० ना० पु० छौंकन, बघार।
धुंगारना० स० क्रि० बघारना, छौंकना।
धुंधकार० ना० पु० अंधेरा।
धुंधकारना० अ० क्रि० धुआं समेत आगका जलना।
धुंधराना० अ० क्रि० अन्धा होना।
धुंधला० गु० अन्धा, अन्धला, ना० पु० अन्धेरा।
धुंधलाई० ना० स्त्री० अन्धेरा, धुंधलाई।
धुंधेला० गु० छली, ठग।
धुकड़ी० ना० स्त्री० छोटीथैली, पैसारखनेकी होतीहै।
धुकधुकी० ना० स्त्री० कण्ठका भूषण विशेष, घबराहट, सन्देह, ध्यान।
धुत्ता० ना० पु० धूर्तता।
धुन० ना० स्त्री० चसका, लौ, अभ्यास, परिश्रम, टहक, उमङ्ग।
धुनकना० स० क्रि० तूमना, धुनना।
धुनना० स० क्रि० तूमना, पीटना, मारना।
धुनिया० ना० पु० विछना, तूमनेवाला।
धुन्ना० स० क्रि० धुनना।
धुमला० गु० धुन्धा, अन्धा, अन्धेरा।
धुमलाई० ना० स्त्री० इंधियारा।
धुर० ना० पु० आरम्भ, अवधि, पास, बोझ।
धुरपद० ना० पु० गीतविशेष।
धुरसांझ० ना० स्त्री० गोधूली, सायंकाल।
धुरन्धर० गु० धुरीधरनेवाला, ना० पु० धवटद्ध।

Digitized by Google

धुरवा॰ना॰ पु॰ मेघ, काव्ये- यथा, धुंधुधारे धुरवा चक्रपासा। समुझि परे नहिं अवनिअकासा।

धुरव्य॰ना॰ पु॰ मेघ।

धुरियाना॰स॰ क्रि॰ मटियाना, धूललगाना, धूल फेंकना।

धुरी॰ना॰ स्त्री॰ काष्ठवालोहे की वस्तु जिसपर पहिया फिरता है।

धुलना॰अ॰ क्रि॰ स्वच्छ होना, पाकहोना, धोजाना।

धुलवाना॰स॰क्रि॰ धुलाना।

धुलाई॰ना॰ स्त्री॰ वस्त्रधोने का काम वा पैसा।

धुलाना॰स॰ क्रि॰ मैलनिकलाना, वस्त्रकोस्वच्छ करवाना।

धुलेंडी॰ ना॰ स्त्री॰ होली का दूसरादिन।

धुस्सा॰ना॰ पु॰ लोई, ऊर्ण- वस्त्र विशेष।

धूंआं॰ }
धूंवा॰ } ना॰ पु॰ धुंवा, धूम।

धूंवारा॰ना॰ पु॰ धुंवानिकलने का स्थान।

धूंधरा॰ना॰ पु॰ अंधेरा।

धूत॰गु॰ धूर्त्त।

धूति॰ना॰ स्त्री॰ ठग, छली, यथा, तुलसी रघुवर सेवकहि सकैन कलियुगधूति।

धूना॰ना॰ पु॰ राल।

धूनी॰ना॰ स्त्री॰ धुंवा, आगजो साधुलोग तापते हैं, गु॰ स्थिर।

धूप॰ना॰ स्त्री॰ घाम, सुगन्धि द्रव्यजो पूजामें जलाके चढ़ाते हैं, वृक्षविशेष वा उसका काष्ठविशेष।

Digitized by Google

धूपना० स०क्रि० रालसगाना, धूपजलाना।

धूपित० गु० धूपदियागया।

धूम० ना० पु० धुंवा, ना० स्त्री० रौला, बखेड़ा, उत्पात, भीड़।

धूमकेतु० ना० पु० अग्नि।

धूमधाम० ना० पु० धुंवांका घर, हुक्का, रौला, बनाव।

धूमपुष्पा० ना० स्त्री० अग्नि जिह्वा विशेष।

धूमयोनि० ना० पु० मेघ, बादल।

धूमर०, धूमरा०, धूमल०, धूमला० गु० मटमैला, धुमैला, धुंवाका रङ्ग।

धूमशिखा० ना० पु० अग्नि।

धूमशीर्षा० ना० स्त्री० अग्नि जिह्वा विशेष।

धूमा० गु० धूमला।

धूमी० गु० उत्पाती, जिसकीधूम होरही।

धूम्र० ना० पु० धूंवां, ऊंट।

धूम्रपान० ना० पु० धुवाका पीना।

धूम्रपानयंत्र० ना० पु० हुक्का।

धूम्रयोनि० ना० पु० मेघ, बादल।

धूम्राक्ष० ना० पु० राक्षस विशेष,

धूर० ना० स्त्री० धूलि।

धूरा० ना० पु० जो रोगी के हाथ पांव आदि में रगड़ते हैं॥

धूरि० ना० स्त्री० धूलि।

धूरी० ना० स्त्री० धुरी।

धूर्त्त० गु० नटखट, शठ, ठग, ना० पु० धतूरा।

धूर्त्तता० ना० स्त्री० ठगई, शठता।

Digitized by Google

घूल० } नाo स्त्रीo रज, रेणु,
धूलि० } खाक।

घूसना० सo क्रिo ठांसना, भरना, दबाना।

धूसर० गु० मिट्टी लगाये हुये- नाo पुo जाति विशेष।

धूसरि० नाo स्त्रीo धूलि।

धूहा० नाo पुo धोखा, पक्षी आदिके डराने के लिये खेत में गाडते हैं, तूदा।

धृक० } अव्यo धिक्।
धृग० }

धृत० गुo जो धारण किया जाय, रक्खा गया।

धृतराष्ट्र० नाo पुo दुर्योधन का पिता।

धृति० नाo स्त्रीo दृढता, कामोंमें धीरज।

धृष्ट० गु० विशारद, चतुर, परिपूर्ण, पण्डित, शाली।

धेंगामुष्टी० नाo स्त्रीo घूसमघूसा।

धेनु० नाo स्त्रीo गायवा बछड़ा समेत गाय, दुधार गाय।

धेनुक० नाo पुo खर रूपी दैत्य विशेष।

धेनुमति० नाo स्त्रीo गोमती नदी।

धेला० नाo पुo अधेला।

धेली० नाo स्त्रीo अधेली, आधा रुपया।

धैर्य्य० नाo पुo धीरता, धीरज।

धैर्य्यवान्० गुo धीरजी, संतोषी।

धैवत० नाo पुo रागका स्वर विशेष।

धोआ० नाo पुo फलकोंमें डाली।

धोई० नाo स्त्रीo भिगोई हुई दाल।

धोंआला० ना० पु० धुंवा निकलनेका मार्ग।

धोक० ना० स्त्री० देवता के आगे झुकना, आड, तकिया।

धोकड़० गु० महा बली।

धोखा० ना० पु० भ्रम, छल, धांधल।

धोता० ना० पु० धूर्त्त, पाखण्डी।

धोती० ना० स्त्री० कटि में पहिरनेका वस्त्रविशेष।

धोना० स० क्रि० पखारना, फीचना।

धोप० ना० स्त्री० खड्गविशेष।

धोब० ना० स्त्री० पक्षालन, धोने का काम।

धोबिन्० ना० स्त्री० धोबी की स्त्री०।

धोबी० ना० पु० कपड़ा धोने वाला।

धोरी० ना० स्त्री० मुख्यबैल जो गाड़ी में सबसे पहिले मचाया जाताहै।

धौ० ना० पु० वृक्ष विशेष।

धौं० अव्य० अथवा, वा, मानो, या।

धौंक० ना० स्त्री० झंफाहट, आंच, आग।

धौंकना० स० क्रि० धोंकनीसे आग फूंकना।

धौंकनी० ना० स्त्री० धोंकी, खलेती जिससे आगको प्रचण्डकरतेहैं, निगाली।

धौंकी० ना० स्त्री० धोंकनी।

धौंताल० गु० धनवान, बलवान्, सूर्मा, दुर्जन।

धौंताली० ना० स्त्री० धन, बल, सूर्मापन, दुष्टता।

धौंन० ना० पु० चारि पंसेरी का परिमाण।

धौंस० ना० पु० दौड़, धंकी।

Digitized by Google

धौंसा० ना० पु० बड़ा डंका ।
धौंसिया० ना० पु० दौड़करने हारों का प्रधान ।
धौर० ना० पु० कपोत की जाति विशेष ।
धौरा० गु० धोला ।
धौल० ना० स्त्री० टीप, थप्पड़ ।
धौलधप्पा० ना० पु० धप्पा धप्पी ।
धौला० गु० श्वेत, सफ़ेद ।
धौलाई० ना० स्त्री० उज्ज्वलता, गोराई ।
धौलाना० } स० क्रि० थप्पड़
धौलियान्० } मारना, मुकियाना ।
ध्यान० ना० पु० विचार, सोच, चिन्ता ।
ध्यानी० गु० विचारवान्, सोची ।
ध्याना० } स० क्रि० सोचना,
ध्यावना० } विचारना, मानना, भजना, गाना यशका ।
ध्रुव० ना० पु० धूरी, योग, राग विशेष, दैत्य विशेष, उत्तर दक्षिणकेन्द्र स्थान में प्रायस्थिर एकतारा उत्तानपाद का पुत्र भक्त विशेष, गु० स्थिर, अचल, सनातन, निश्चय ।
ध्रुवतारा० ना० पु० उत्तर दक्षिण केन्द्रमें प्रायस्थिर एक तारा ।
ध्रुवनन्दा० ना० स्त्री० श्रीगंगाजी ।
ध्रुवपद० ना० पु० ध्रुरपद गीत विशेष ।
ध्रुवमत्स्ययंत्र० ना० पु० क़ुतुबनुमा ।
ध्रुवा० ना० स्त्री० शालपर्णी कील, लगाव ।
ध्वंस० ना० पु० नाश ।
ध्वंसोली० ना० स्त्री० काकोली
ध्वज० ना० स्त्री० झण्डा, पताका, ध्वजा ।

ध्वजिनी० ना० स्त्री० सेना, फौज।

ध्वजा० ना० स्त्री० पताका।

ध्वनि० ना० स्त्री० शब्द, बाजे का शब्द।

ध्वनित० गु० संक्षेप से कथित।

ध्वनी० ना० स्त्री० नदी, गु० शाब्दक।

ध्वन्यात्मक० गु० शब्द विशेष जिसमें वर्णविवरणहो।

ध्वस्त० गु० भ्रष्ट, खराब।

ध्वान० ना० पु० शब्द।

ध्वान्त० ना० पु० अंधियारा, काव्य यथा, यथा ध्वान्त विध्वंस आदित्यकारी, तथा देविविश्वेष शोक प्रहारी।

[न]

न० अव्य० अ० नहीं।

नक० ना० स्त्री० नाक।

नकचढ़ा० गु० क्रोधी, चिड़चिड़ा

नकछिकनी० ना० स्त्री० पौधा विशेष।

नकटा० गु० नाक कटा।

नकड़ा० ना० पु० नाक में रोग विशेष।

नकतोडा० गु० इंसोड, धूर्त्त।

नकसीर० ना० स्त्री० नाक की शिरा।

नकार० अव्य० ना० पु० अस्वीकार।

नकारना० स० क्रि० नकार, करना, मुकरना।

नकुल० ना० पु० न्यौला सांप का वैरी, बगुला, पाण्डु का पांचवां पुत्र।

नकुआ० ना० पु० नाक, अग्र।

नकेल० ना० स्त्री० काठ की वस्तु विशेष जो ऊंट की नाक में पहिनाते हैं।

Digitized by Google

नक्का० ना० पु० पांसे वा ताश का टुक्का।

नक्की० ना० स्त्री० नाक से बोलना, जूप में एक बढ़ना गउडे से।

नक्कीमूठ० ना० स्त्री० द्यूत विशेष, जूआ विशेष।

नक्कू० गु० अपयशी, बदनाम।

नक्र० ना० पु० कुम्भीर, मगर नाका।

नख० }
नखर० } ना० पु० अंगुलियों के अग्र परका अस्थि भाग, नाखून, नह।

नखरेखा० ना० स्त्री० खसोट, बकोट।

नखियाना० स० क्रि० खसोटना, बकोटना।

नखी० गु० नख धारी, नख वाला पशु।

नग० ना० पु० अंगूठे का पाषाण विशेष, मणि, पर्वत, वृक्ष धाम।

नगचाई० ना० स्त्री० अवाई।

नगचाना० अ० क्रि० पास आना।

नगचाहट० ना० स्त्री० नगचाई।

नगदौना० ना० पु० पौधा विशेष।

नगन० ना० पु० हाथी, गु० नग्न।

नगभिन्नक० ना० पु० पाषाण भेद।

नगर० ना० पु० शहर, पुरी, ग्राम।

नगरकोट० ना० पु० कोट कांगड़ा।

नगरनारी० ना० स्त्री० गणिका, वेश्या।

नगरवर्ती० ना० पु० नगरवासी।

नगरवासी० गु० पुरी वा शहर का वासी।

Digitized by Google

नगरी० ना० स्त्री० छोटानगर, बस्ती।

नगा० ना० स्त्री० नारी, स्त्री।

नग्न०
नङ्ग०
नङ्गा०
} गु० दिगम्बर, वस्त्रहीन।

नङ्गी० ना० स्त्री० नग्न स्त्री।

नचवाना० स० क्रि० नचाना, नाचकराना।

नचवैया० ना० पु० नाचनेहारा।

नचाना० स० क्रि० नाचकराना।

नट० ना० पु० डीठबन्दों वा नाचनेहारों की जात विशेष, कौतुकी, स्वांगी।

नटखट० गु० धूर्त, कपटी, छली, फरफन्दिया।

नटखटी० ना० स्त्री० धूर्तता, कपट, छल, फरफन्द।

नटत० क्रि० अस्वीकार करता है, नाचता है।

नटना० अ० क्रि० नमानना, अस्वीकार करना।

नटनागर० ना० पु० चतुर नट, डीठबन्द, टोनहा।

नटभूषण० ना० पु० हरताल, नटका भूषण।

नटवर०
नटवा०
} ना० पु० डीठबन्द, टोनहा।

नटसाल० ना० पु० टूटाकांटा।

नटिन्०
नटिनी०
} ना० स्त्री० नटकी स्त्री।

नटी० ना० स्त्री० वेश्या, नाचनेहारी।

नटुआ०
नटुवा०
} ना० पु० नटवा।

नठना० अ० क्रि० नशना, बिगड़ना, स० क्रि० नाशना, बिगाड़ना।

नत० गु० नम्र, ना० पु० तगर औषधि, अव्य० नतर, नहीं तो।

नतरु० अव्य० नहीं तो।

नताङ्गी० ना० स्त्री० ककरासिंघी।

नति० ना० स्त्री० प्रणाम, नमस्कार।

नतिनी० ना० स्त्री० नातिन्, दौहित्री।

नतैत० ना० पु० नातेदार, सम्बन्धी, गोतैत।

नथ० ना० स्त्री० नाक में का गहना विशेष, नथुनी।

नथना० अ० क्रि० छिदना, फसना, ना० पु० नथुना।

नथनी० ना० स्त्री० नाथने का अस्त्रविशेष, नथुनी।

नथी० गु० छिदी, फंसी।

नथुआ० ना० पु० छिदुआ।

नथुई० ना० स्त्री० छिदुई।

नथुना० ना० पु० नाक का मार्ग।

नद० ना० पु० ब्रह्मपुत्रादि जलप्रवाहविशेष।

नदिया० ना० स्त्री० छोटी-नदी, ना० पु० नगर विशेष।

नदी० ना० स्त्री० जो जल की धारा पर्व्वतादि से निकलकर देशान्तरों में होकर समुद्र में जावे, जैसे गङ्गा और सिन्धु आदि।

नदीकान्ता० ना० स्त्री० काग जंघाबूटी।

नदोला० ना० पु० नाद।

ननद०, ननदिया० } ना० स्त्री० ननदी पति की बहिन्।

ननदी० ना० स्त्री० पति की बहिन्।

ननिहाल० ना० पु० नाना का घर वा घराना।

नन्द० ना० पु० श्रीकृष्णचन्द्र के कथित पिता, बेटा, नौ ९।

नन्दन० ना० पु० देव उपवन, देववन, चन्दन, लड़का गु० आनन्ददाता।

नन्दलाल० ना० पु० श्रीकृष्णचन्द्रजी।

नन्दिग्राम० ना० पु० बस्ती विशेष, जहां भरतजी तपस्या करते थे।

नन्दिनी० ना० स्त्री० पार्व्वती, पुत्री, पत्नीकी बहिन, प्रियंगु, सोंठि, हर्रं।

नन्दी० ना० पु० शिवजी का वाहन।

नन्दीगण० ना० पु० शिवजी का गण।

नन्दीघोष० ना० पु० रथजो, अग्निदेवने अर्जुन को दियाथा।

नन्दोई० ना० पु० पतिकीबहिन का स्वामी, ननद का पति।

नन्दोला० ना० पु० नांद।

नन्दोसी० ना० पु० नन्दोई।

नन्हा० गु० छोटा, लघु।

नपुंसक० ना० पु० क्लीव, हीजड़ा, मोर।

नपुंसकलिङ्ग० ना० पु० तीसरालिङ्ग।

नभ:० ना० पु० आकाश, आश्रय, और आवणमास।

नभग० गु० पक्षी, नक्षत्र, ग्रह, देवता।

नभगनाथ० ना० पु० गरुड़, चन्द्रमा।

नभगामी० गु० पक्षीआदि, नभग।

नभगेश० ना० पु० नभगनाथ, गरुड़, चन्द्रमा।

नभश्चर० ना० पु० आकाश में उड़नेहारे, यथा पक्षी, तारागण, ग्रह, देवता।

नभस्य० ना० पु० भाद्रपद।

नभस्वत्० ना० पु० पवन, वायु।

Digitized by Google

नमः० ना० पु० नमस्कार, त्याग।

नमत० गु० प्रणामकरते।

नमन० गु० सदृश, समान।

नमस्कार० ना० पु० प्रणाम, सम्मानका बोधक।

नमस्कारी० ना० पु० लजाहू।

नमस्य० गु० नमस्कार केयोग्य।

नमामि० क्रि० नमस्कार करता हूं।

नमित० गु० नीचेसिर किये, शिरझुकाये, नमस्कार करने।

नमो० ना० पु० नमस्कार, वा प्रणामकरताहूं, दोहा, नमोनमो शुकदेव जी करोंप्रणाम अनन्त। तुव प्रसादस्वरभेदको चरणदासवरनन्त॥१॥ इतिस्वरोदये।

नम्र० गु० विनयी, मिलनसार, आधीन, नर्म।

नम्रता० ना० स्त्री० आधीनता, विनय, नर्मी।

नय० ना० पु० नीति, क़ानून।

नयन० ना० पु० नेत्र, आंख।

नयनअमिय० ना० पु० नेत्रों का अमृत, यथा, श्रीगुरुपद नख मंजुल अंजन। नयन अमिय दृग दोष विभंजन। इतिरामायणे।

नया० गु० नवीन, ताज़ा।

नर० ना० पु० मनुष्य, पुरुष, पुंस।

नरक० ना० पु० पापों के भोग फलका स्थान, दैत्यविशेष जिसे भौमासुर भी कहते हैं।

नरकाट० ना० पु० सरकण्डा, तृणविशेष जिसकी चटाई बनती है।

नरकासी० ना० स्त्री० हवस, गर्दा।

नरकुल० ना० पु० नरकट।
नरपति० ना० पु० मनुष्यों का रक्षक, राजा।
नरपुर० ना० पु० मर्त्यलोक।
नरवाहन०, नरयानी० } ना० पु० कुवेर, यक्षराज।
नरसिङ्गा० ना० पु० बाजाविशेष, तुरही।
नरसिङ्गिया० ना० पु० नरसिङ्गाबजानेहारा।
नरसिंह० ना० पु० विष्णु का चौथा अवतार।
नरसों० अव्य० बीताहुआ चौथादिन, चौथादिन आनेवाला।
नरहड़० ना० पु० पिण्डली की हड्डी।
नरहरि० ना० पु० नरसिंह जी, कवि विशेष।
नरहरिदास० ना० पु० गोसाईं तुलसीदास के गुरु।
नरान्तक० ना० पु० नरों का काल, दैत्य विशेष।
नरिया० ना० स्त्री० छोटीनाली, खपरा।
नरी० ना० स्त्री० चर्म विशेष, लोहेका यन्त्र विशेष, जिसमें बानेका सूत रखते हैं।
नरुख० गु० पुल्लिङ्ग।
नरेट० ना० पु०, नरेटा० ना० पु०, नरेटी० ना० स्त्री० } घांटी, नली, नटई।
नरेन्द्र०, नरेश० } ना० पु० राजा, बहुतदेश का प्रतिपालक।
नरोत्तम० गु० अच्छा मनुष्य, ना० पु० श्रीकृष्णजी।
नर्त्तक० ना० पु० नाचनेहारा।
नर्त्तकी० ना० स्त्री० नटी, नाचनेवाली।

Digitized by Google

नर्त्तन॰ ना॰ पु॰ नाच, नृत्य ।

नर्मदा॰ ना॰ स्त्री॰ नदीविशेष ।

नल॰ ना॰ पु॰ मुख्यवानर, मुख्यराजा, कुवेरका पुत्र, नड़कुल, फोंफी, खोखल ।

नलकूबर॰ ना॰ पु॰ कुवेर के बालक ।

नलपुरष्टिक॰ ना॰ पु॰ कांतिहारी ।

नला॰ ना॰ पु॰ उदर में स्थान विशेष ।

नलिका॰ ना॰ स्त्री॰ नली, नाड़ी ।

नलिन॰ ना॰ पु॰ कमल ।

नलिनी॰ ना॰ स्त्री॰ बहुतनलिनका संयोगस्थान वा कमलिनी ।

नली॰ ना॰ स्त्री॰ नरेटी, फोंफी, नाल, नरहड, लोहेका यन्त्र जिसमें सूतरख कर बिनते हैं ।

नलुआ॰ ना॰ पु॰ भारी बांस का एक पोड़ जो पत्रादि रखने के काम आता है ।

नव॰ गु॰ गिनती विशेष, ९ नया ।

नवखण्ड॰ ना॰ पु॰ पृथ्वी के नौभाग अर्थात् भरतखण्ड, इलावर्त, किं पुरुष, भद्र, केतुमाल, हिरण्य, रम्य, हरि, कुरुखण्ड ।

नवजल॰ ना॰ पु॰ प्रथम वर्षा, नयापानी ।

नवयौवना॰ ना॰ स्त्री॰ जोवनवती ।

नवद्वार॰ ना॰ पु॰ शरीर के नौ द्वार अर्थात्, आंख २ कान २ नाक १ मुख, गुदा, लिङ्ग ।

नवधा॰ गु॰ नौप्रकार ।

Digitized by Google

नवधाभक्ति० ना० स्त्री० नौ-
प्रकारकी भक्ति अर्थात्,
सत्संग, हरिकथा, गुरु-
सेवा, हरिगुणगान, वेद-
पाठ, सज्जनधर्म, सम-
भाव, लाभालाभसम,
हरिशरण।

नवधाभजन० ना० पु० नौप्र-
कार का भजन, अर्थात्,
हरिगुण श्रवण, हरिगु-
णकीर्त्तन, हरिस्मरण,
हरिपदसेवन, हरिअर्च-
न, हरिपदवन्दन, दास्य-
भाव, मित्रभाव, आत्म-
ज्ञान ६।

नवनाटिका० ना० स्त्री०
नौस्त्रोता अर्थात् इड़ा,
पिङ्गला, सुषम्णा, पय-
स्विनी, कुहू, गन्धारी,
शंखिनी, पूषा, अल-
म्बुषा।

नवनि० ना० स्त्री० झुकनि,
प्रणाम।

नवनिधि० ना० स्त्री० कुवेर
का धन।

नवनीत० ना० पु० मक्खन,
नैनू, मसका।

नवबधू० ना० स्त्री० नईबधू,
नईदुलहन्।

नवबाला० ना० स्त्री० नवजो-
बना।

नवम० गु० नवां ९।

नवमांश० ना० पु० नवांभाग।

नवमी० ना० स्त्री० नवींतिथि,
नवीं।

नवरङ्ग० ना० पु० कामदेव,
नयारङ्ग, नौरङ्ग।

नवरत्न० ना० पु० बाहुमेंपहि-
रनेके लिये भूषण
विशेष।

Digitized by Google

नवरस० ना० पु० नयारस व नौप्रकारका रस अर्थात् शृङ्गाररस, वीररस, वीभत्स, शान्तरस, भद्र रस, करुणारस, अद्भुत, हास्य, भयानक ९ ।

नवल० गु० सुन्दर, नया, ना० पु० केलापौधा ।

नवला० ना० स्त्री० नवबाला, नवयौवना ।

नवा० ना० गु० नया ।

नवाड़ा० ना० पु० नावविशेष ।

नवाना० स० क्रि० झुकाना, झुकना, टेढ़ाकरना, आधीनकराना ।

नवानो० अ० क्रि० रमना, भटकना ।

नवारी० ना० स्त्री० पुष्पविशेष वा उसका वृक्ष ।

नवासी० गु० अस्सी और नो, ८९ ।

नवी० ना० स्त्री० रस्सी जिससे गायके पांव दूध दुहते समय बांधते हैं ।

नवीन० गु० नया, ताज़ा ।

नवीनता० ना० स्त्री० नयापन ।

नवोढ़ा० ना० स्त्री० नईस्त्री, नवयौवना ।

नवोद्भिद० ना० पु० अङ्कुर, अंखुआ ।

नव्य० गु० नया, नवीन, उपरा ।

नव्वे० गु० नव्दहाई, ९० ।

नश्वर० गु० नाशवान्, विनाशी, झूंठ ।

नशावा० क्रि० मिटाया, नाशकिया ।

नक्षत० ना० पु० नक्षत्र, तारागण, तारा ।

नष्ट० गु० जिसका नाशहोगया, भ्रष्ट ।

नष्टता० ना० स्त्री० भ्रष्टता ।

Digitized by Google

नष्टा॰ ना॰ स्त्री॰ व्यभिचारिणी।

नस॰ ना॰ स्त्री॰ नाड़ी, रग।

नसाना॰ स॰ क्रि॰ नाशकरना, बिगड़ना।

नसी॰ ना॰ स्त्री॰ फालेकाअग्र भाग, वाफालजोनो है का अनमें लगता है।

नस्य॰ गु॰ सानुनासिक, उवास, जो नासिका से सूंघते हैं।

नह॰ ना॰ पु॰ नख, नाखून।

नहक्का॰ गु॰ दुबला, पतला, सुखटा।

नहट्टा॰ ना॰ पु॰ नखोट, खसोट।

नहनी॰ ना॰ स्त्री॰ नहनीं, नखहरनी विशेष।

नहरुआ॰ ना॰ पु॰ रोगविशेष।

नहरनी॰ ना॰ स्त्री॰ नाखूनकाटने का अस्त्र विशेष।

नहलावना॰ स॰ क्रि॰ स्नान कराना, नहाना।

नहान॰ ना॰ पु॰ स्नान।

नहाना॰ स॰ क्रि॰ स्नानकरना।

नहारमुंह॰ अव्य॰ बिनाखाये।

नहारू॰ ना॰ पु॰ चमड़े का टुकड़ा।

नहियर॰ ना॰ पु॰ स्त्री की ससुराल वा मैका।

नहीं॰ अव्य॰ निषेध, न।

नछत्र॰ ना॰ पु॰ तारा, तारा-गण।

ना॰ अव्य॰ नहीं।

नाईं॰ अव्य॰ प्रकार सदृश, समान।

नाइन॰ ना॰ स्त्री॰ नाई की जोरू।

नाई॰ } ना॰ पु॰ नापित,
नाऊ॰ } जातिविशेष, छौरकर्म।

नाक॰ ना॰ पु॰ आकाश, स्वर्ग, स्त्री, नासिका।

नाकड़ा॰ ना॰ पु॰ नाक में रोगविशेष।

Digitized by Google

नाकपति॰ ना॰ पु॰ इन्द्र।

नाकनटी॰ ना॰ स्त्री॰ अप्सरा, परी।

नाका॰ ना॰ पु॰ मार्गका बेड़े का अन्त, सूईका छेद, गली, नक्र, जलजन्तु विशेष।

नाकिन्॰ ना॰ स्त्री॰ नाककी स्त्री।

नाग॰ ना॰ पु॰ सांप, पच, हाथी, दुष्टनर, सूक्ष्मवायु भेद।

नागउरग॰ ना॰ पु॰ सीसा-धातु।

नागकन्या॰ ना॰ स्त्री॰ कन्या जो पाताल में रहती है, सुलोचना, मेघनाद की बीबी।

नागकेसर॰ ना॰ पु॰ पुष्प विशेष।

नागगर्भ॰ ना॰ पु॰ सिन्दूर, बन्दन।

नागचाम्पेय॰ ना॰ पु॰ नाग-केसर।

नागज॰ ना॰ पु॰ सिन्दूर, बन्दन।

नागदन्ती॰ ना॰ स्त्री॰ इन्द्र वारुणी।

नागदमनी॰ ना॰ स्त्री॰ नागदौन।

नागदौन॰ ना॰ पु॰ पौधा विशेष, मरुआ।

नागन्॰ ना॰ स्त्री॰ सांपिनी।

नागनी॰ ना॰ स्त्री॰ पान, नागकी स्त्री।

नागपञ्चमी॰ ना॰ स्त्री॰ श्रावण शुक्लपञ्चमी का पर्व्व विशेष।

नागपत्नी॰ ना॰ स्त्री॰ सांपिन, नागिन्।

नागपाश॰ } ना॰ पु॰ फांसा
नागपास॰ } वा बन्धनविशेष।

नागपुर॰ ना॰ पु॰ नगरविशेष, नागलोक।

नागफांस॰ ना॰ स्त्री॰ फांसी विशेष।

Digitized by Google

नागबला ० ना० स्त्री० गंगेरुआ।

नागबल्ली ० ना० स्त्री० नागबेलि।

नागबेलि ० ना० स्त्री० पान आदि।

नागभाषा ० ना० स्त्री० प्राकृत भाषा जो पातालके रहने हारे बोलते हैं।

नागमाता ० ना० स्त्री० कद्रू, मनसिल।

नागर ० ना० पु० गुजराती ब्राह्मणकी जाति विशेष, नगरोत्पन्न अर्थात् चतुर, और पानी खौरा, सोंठि।

नागरङ्ग ० ना० पु० नारङ्गी।

नागरमोथा ० ना० पु० सुगन्धितणविशेष कामूल।

नागरि ० } ना० स्त्री० चतुरस्त्री, नागरकी स्त्री।
नागरिन् ० }

नागरिपु ० ना० पु० न्यौला, मोर, गरुड़, सिंह।

नागरी ० ना० स्त्री० संस्कृत के अक्षर, चतुरस्त्री।

नागल ० ना० पु० हलखेत जोतने का।

नागा ० ना० पु० संन्यासी, नग्न।

नागाह्वा ० ना० स्त्री० नागदौन।

नागारि ० ना० पु० नागरिपु।

नागार्जुन ० ना० पु० सहस्रबाहु राजा विशेष।

नागिन ० } ना० स्त्री० सांप की स्त्री।
नागिनी ० }

नागौर ० ना० पु० मारवाड़ देशकेपासकाप्रदेश।

नाघना ० } स० क्रि० लांघना, पारजाना।
नाङ्घना ० }

नाच ० ना० पु० नृत्य।

नाचना ० अ० क्रि० नाचकरना, कूदना।

नाज ० ना० पु० अन्न, अनाज।

Digitized by Google

नाट० ना० पु० नाश।

नाटक० ना० पु० ग्रन्थविशेष।

नाटा० गु० ठिंगना, टेनी।

नाटिका० ना० स्त्री० नाड़ी।

नाटी० ना० स्त्री० छोटी, ठिंगनी।

नाठि० ना० स्त्री० नाश, विनाश।

नाठी० गु० नाशगई।

नाड़० ना० स्त्री० ग्रीवा, नाली।

नाड़िका० ना० स्त्री० एकघड़ी।

नाड़ी० ना० स्त्री० पेटमेंकी नस, रोगपरीक्षा के लिये हाथमें की एकरग, स्वासा, नस, नली।

नाड़ीतिक्त० ना० पु० चिरायता।

नाड़ीधम० ना० पु० सोनार, स्वर्णकार।

नाड़ीमण्डल० ना० पु० नाड़ियों का समूह।

नाड़ीज्ञान० ना० पु० रोगपरीक्षा, और स्वासा, का ज्ञान।

नात० ना० पु० सम्बन्ध, रिश्तह, बिरादरी।

नातर० } अव्य० नान्यथा, नहीं तो।
नातरु० }

नाता० ना० पु० सम्बन्ध।

नातिन् ० ना० स्त्री० कन्या की कन्या, बेटाकी बेटी।

नाती० ना० पु० बेटीका पुत्र, बेटाका पुत्र, रामायणे यथा उत्तमकुल पुलस्ति के नाती, शिव विरंचि पूजे बहुभांती।

नाथ० ना० पु० स्वामी, प्रभु, ना० स्त्री० बैलकी नाक कीरस्सी, घावकीबत्ती।

नाथना० स० क्रि० छेदना, बैल की नाक में रस्सी डालना।

नाथित० गु० जो नाथागया।

नाद० ना० पु० शब्द, गरज, गीत, राग।

नादना० स० क्रि० आरम्भ-करना।

नादिया० ना० पु० नन्दी, पशु विशेष जो जोगियों के पास होता है।

नाधना० स० क्रि० जुयेमें लगाना, आरम्भकरना।

नाधा० ना० पु० तालाब वा नदी मेंसे पानीनिकालने का गड्ढा।

नानक० ना० पु० सिक्खों का गुरु विशेष।

नाना० ना० पु० माताकापिता, गु० अनेक, बहुत, समूह।

नानाकार० गु० बहुतरूपके, अनेकप्रकारके।

नानाकारण० ना० पु० अनेकप्रकारके कारण।

नानाप्रकार० } गु० अनेक-
नानाभांति० } प्रकार।

नानारूप० ना० पु० अनेक रूप।

नानार्थ० ना० पु० अनेकअर्थ।

नानाविधि० गु० अनेकप्रकार।

नानी० ना० स्त्री० माता की माता।

नान्द० ना० स्त्री० नांद, मिट्टी का बड़ाबर्तन विशेष।

नान्दिया० ना० पु० शिवका वाहन, वृषभ।

नान्दीमुख० ना० पु० श्राद्ध विशेष जो पुत्र जन्म के पीछे होता है वा विवाहादिमें।

नान्धना० स० क्रि० आरम्भ करना।

नान्यतर० } अव्य० अन्यथान-
नान्यथा० } हीं, असत्यनहीं।

Digitized by Google

नाप॰ ना॰ स्त्री॰ माप, परि-माण ।

नापना॰ स॰ क्रि॰ मापना, परिमाण करना ।

नापित॰ ना॰ पु॰ नाई, ह-ज्जाम ।

नाभि॰ ना॰ स्त्री॰ पेटके मध्य का स्थान, ढोंढ़ी, तोंदी, ना॰ पु॰ राजाविशेष ।

नाम॰ ना॰ पु॰ कीर्त्ति, यश, विख्याति, संज्ञा ।

नामकरण॰ ना॰ पु॰ संस्कार विशेष, नामरखना ।

नामानि॰ ना॰ पु॰ नाम का बहुबचन ।

नामी॰ गु॰ प्रसिद्ध, कीर्त्तिमान्, विख्यात, यशी, मशहूर ।

नायक॰ ना॰ पु॰ मुखिया, प्रधान, स्वामी, सुन्दर रीतिसे गायकवानर्त्तक, बनजारोंका प्रधान ।

नायका॰ ना॰ स्त्री॰ नायिका ।

नायन्॰ ना॰ स्त्री॰ नाई की जोरू ।

नायिका॰ ना॰ स्त्री॰ नायक की स्त्री, धर्मी, खिया, कुट्टनी ।

नार॰ ना॰ स्त्री॰ नारि, नाल, भुण्ड, ग्रीवा ।

नारक॰ ना॰ पु॰ नरक ।

नारकी॰ गु॰ नरकनिवासी, नरकी ।

नारङ्क॰ ना॰ पु॰ } फल
नारङ्गी॰ ना॰ स्त्री॰ } विशेष ।

नारद॰ ना॰ पु॰ मुनिविशेष ।

नारा॰ ना॰ पु॰ नाला, कमर-बन्द ।

नाराच॰ ना॰ पु॰ बाण, तीर ।

नारायण॰ ना॰ पु॰ श्रीभग-वान् ।

नारायणी० ना० स्त्री० लक्ष्मी, छतावरपौधा, नारायण सम्बन्धी, ज्योति विशेष।

नारि० ना० स्त्री० स्त्री, अबला, नाडी, जिसमें बाने का सूत रख कर बुनते हैं, बन्दूक बिनाकाठ, बांस का पोढ़ जिसमें लोन पानी आदि भरके बैल गायआदिको पिलाते हैं।

नारिकेर०, नारिकेल०, नारियल० ना० पु० फल विशेष।

नारियली० ना० पु० नारियल का हुक्का।

नारी० ना० स्त्री० अबला, स्त्री० नाड़ी० सामविशेष, जिसे कर सुआ कहते हैं।

नाल० ना० पु० कमलादि की दण्डी, नाक, फोंफा, नल, नली।

नालकी० ना० स्त्री० पालकी विशेष।

नाला० ना० पु० जल निकलने का मार्ग।

नालिसिन्दुक० ना० पु० संभालू।

नाली० ना० स्त्री० मुहरी छोटा नाला, जिसगढ़ में दण्ड करते हैं, जिस काठ को चढ़ाते हैं।

नाव० ना० स्त्री० नौका, तरनी।

नावना० स० क्रि० झुकाना, डालना, नवाना।

नावरि० ना० पु० निवारा, जलक्रीड़ा।

नाविक० ना० पु० मांझी, नाव वा जहाज़ चलाने हारा, मल्लाह, कप्तान।

नाशक० गु० नाश करने हा-
रा, मिटाने हारा।

नाशन० ना० पु० मिटावन, मेटन।

नाशना० स० क्रि० मिटाना, ध्वंस करना, नासना।

नाशपाती० ना० स्त्री० फल विशेष।

नाशा० ना० स्त्री० नासिका।

नाशासम्मेटन० ना० पु० नक छीकनी बूंधा।

नाशिका० ना० स्त्री० नासिका, नाक।

नास० ना० पु० सुंघनी, हुलास।

नासना० अ० क्रि० भागना, स० क्रि० नाश करना।

नासा० ना० स्त्री० नाक, नाकड़ा।

नासिका० ना० स्त्री० नाक।

नास्ति० अव्य० जो नहीं है।

नास्तिक० } ना० पु० जिनके
नास्तिकी० } मतमें पर लोक
की बात कोनहीं मानते हैं, जैनी।

नाह० ना० पु० नाथ, स्वामी।

नाहर० ना० पु० शेर, व्याघ्र।

नाहीं० अव्य० नहीं।

निः० अव्य० यहशब्द जिसशब्द-
पहिले के संयोगी होवे उस-
का अर्थ रहित करे, यथा,
निः शङ्क, अर्थात् शङ्का
रहित, निषेध।

निःपाप० गु० अदोष।

निःशङ्क० गु० निडर, अभय।

निःशेष० गु० शेषरहितअर्थात्
सम्पूर्ण।

निःशठ० गु० अति मूर्ख।

निःसङ्ग० गु० सङ्ग रहित
अर्थात् अकेला।

Digitized by Google

निःसरण० ना० पु० शरण हीनअर्थात् मृत्यु, उपाय, विदा ।
निःस्व० गु० दरिद्री, अधन ।
नि० अव्य० में भीतर, ऊपर, रहित ।
निकंटक० गु० सुगम, बेखटके, निर्दोष, सीधा, सुखी, बेधड़के ।
निकंद० गु० स्कन्द रहित, अर्थात् उखड़ा, निर्मूल ।
निकंदन० गु० निर्मूलकर्त्ता, उखाड़ने हारा ।
निकट० अव्य० पास, समीप, क़रीब ।
निकटवर्त्ती० ना० पु० पासकी, समीपमें ।
निकटी० ना० स्त्री० छोटी तराज़ ।
निकम्मा० गु० निगुणी जो किसी कामका नहीं है शिथिल ।
निकर० ना० पु० समूह, झुण्ड, सारे, सब ।
निकरना० अ० क्रि० निकलना ।
निकरम्ब० ना० पु० समूह, गिरोह ।
निकलचलना० अ० क्रि० भाग जाना, बढ़के बोलना, अधिक हो जाना ।
निकलना० अ० क्रि० निकसना, बहना, आगेजाना, भागना, उठना, उखड़ना ।
निकलपड़ना० अ० क्रि० बाहर आना ।
निकसना० अ० क्रि० निकलना ।
निकाना० स० क्रि० खेतकी घास निकालना ।
निकाम० गु० अति, कामना रहित, बेकाम ।
निकाय० ना० पु० सब, सम, ष, समूह ।

Digitized by Google

निकारना० स० क्रि० निकालना, अस्वीकारकरना।

निकाल० ना० पु० उभार, निकास, जोड़तोड़।

निकालना० स० क्रि० उतारना, बिनना, चुनना, उठाना, उखाड़ना।

निकास० ना० पु० कगर, नगर की आस पास, मार्ग निकलने का चुकोता, मूल।

निकासना० स० क्रि० निकालना।

निकासी० ना० स्त्री० कर, महसूल, बेठ।

निकासू० गु० जो निकाला गया,

निकेत० ना० पु० घर।

निकुञ्च० ना० पु० बड़हल।

निकुञ्ज० ना० पु० कुञ्ज, मंडवा।

निकुटी० ना० स्त्री० छोटी इलायची।

निकुम्भिला० ना० स्त्री० राक्षसोंका चोहरा।

निकृष्ट० गु० अधम, नीच, ख़राब।

निषङ्ग० ना० पु० तून, तरकश।

निखट्टू० गु० आलसी, उड़ाऊ, लुटाऊ।

निखगड़० गु० मध्य।

निखरना० अ० क्रि० छिलका उतरना, उजलाहोना, चमड़ा उधड़ना।

निखराना० स० क्रि० उजला कराना, फचाना।

निखर्व० गु० १० खर्व, १०००००००००००००।

निखारना० स० क्रि० उजला करना, कपड़ेकी माड़ी निकालना।

निखारा० गु० स्वच्छ, उज्ज्वल।

निखिल० गु० सर्व, सम्पूर्ण, बिलकुल।

Digitized by Google

निखोट० ना० पु० खोटरहित मनुष्य ।

निखोड़ना । ० स० क्रि० छीलना, उधेड़ना ।

निगड़० ना० पु० कटि बन्धन, बेड़ी, पैकड़ी, काठ ।

निगत० गु० नङ्गा ।

निगन्दना । ० स० क्रि० तागना ।

निगन्दा । ० ना० पु० } तागने का
निगन्दाई । ० ना० स्त्री० } काम ।

निगम० ना० पु० बेद, नीचे, जहां जानसके ।

निगमनदी । ० ना० स्त्री० श्री गङ्गाजी ।

निगमनिवासी० ना० पु० ब्रह्मा, बेदनिवासी ।

निगर० ना० पु० दीर्घ, बड़ा, ठोस ।

निगलना । ० स० क्रि० लीलना, घूंटना ।

निगाली । ० ना० स्त्री० हुक्का पीने की नली, फुकनी ।

निगुण० गु० निर्गुण ।

निगूढ़० गु० अतिअगम, दुर्गम, अतिकठिन, अप्रकट, गुप्त ।

निगोड़ा । ० ना० पु० अकर्मी, भागहत ।

निग्गर० गु० ठोस ।

निग्रह० ना० पु० त्याग, रोक, घिन, चिढ़, कुपथ, त्याज ।

निग्रही० गु० ताड़नेहारा, रोकनेहारा ।

निघटत० क्रि० घटतेही ।

निघटना । ० अ० क्रि० घटना ।

निघटाना । ० स० क्रि० घटवाना ।

निघटी० क्रि० भू० घटीथा बहुत घटचुके ।

निघण्टु० ना० पु० औषधियों के नामकी पुस्तक ।

Digitized by Google

निघरघटा० ना० पु० कुलच्छना, हट्टाई करना, ढिठाई करना।

निचय० ना० पु० समूह।

निचिन्त० गु० चिन्तारहित, अचिन्त, अशोच।

निचिन्ताई० ना० स्त्री० अप्रमाद, सुभीता, बेखटके।

निचोड़० ना० पु० काम का पूरा होना या कुछशेष रहना।

निचोड़ना० स० क्रि० दबाना, गारना, चूसलेना।

निचोड़० गु० लुटेरा, गठकप।

निचोलनि० ना० स्त्री० चोलनी, कापड़ा, वस्त्र।

निछावर० ना० स्त्री० उतारा, बलि।

निज० गु० आप, निश्चय, उत्कृष्ट।

निजका० गु० अपना।

निजगति० ना० स्त्री० अपनी दशा वा चाल।

निजगुरु० ना० पु० अपना गुरु।

निजतंत्र० गु० निजइच्छा, स्ववश।

निजपति० ना० स्त्री० अपनी प्रतिष्ठा, ना० पु० अपना स्वामी।

निजवर्ती० गु० निजाश्रित, स्वतन्त्र।

निजसन्धि० ना० स्त्री० अवसर, निज समय।

निजस्थान० ना० पु० अपना घर वा स्थान।

निजानन्द० ना० पु० गु० अपनेसुखमें, निजमेंमग्न।

निजाश्रित० गु० स्ववश, निजवश, अथवा निज भरोसे।

निझाना० स० क्रि० निरखना, झांकना।

Digitized by Google

निझोटना० स० क्रि० खसोटना, झटकना।

निझोल० गु० झोलरहित अर्थात् सुडौल चलने द्वारा।

निठुर० गु० कठोर, निर्दय, असनेही, बिनप्रीति।

निठुरता० } ना० स्त्री० कठोरता, निर्दयता।
निठुराई० }

निडर० गु० निर्भय, अशङ्क।

निढाल० } गु० स्थावर, अचल।
निढौल० }

नित० अव्य० नित्य, प्रतिदिन।

नितनव० गु० नितनया।

नितप्रति० अव्य० नित्य, प्रतिदिन।

नितम्ब० ना० पु० चूतड़, कटिके पीछे का नीचला भाग।

नितम्बिनी० ना० स्त्री० युवती, स्त्री, औरत।

नितान्त० अव्य० अत्यन्त, अधिक।

नित्य० अव्य० नितप्रति, सदा, सत्य, पवित्र, अमर।

नित्यकर्म० ना० पु० स्नानपूजादिकर्त्तव्यकर्म, शुक्लकर्म।

नित्यता० ना० स्त्री० सदापन, सदैव।

नित्यदान० ना० पु० प्रतिदिन देना, सत्यदान, सात्विकदान।

नित्यानन्द० ना० पु० सर्वदा काल आनन्द।

नियम्भ० ना० पु० खम्भ, पीलपाया।

नियरा० गु० फर्चा, फर्छा।

नियारना० स० क्रि० चउेलना, फर्छाकरना।

निदग्धिका० ना० स्त्री० खेतछोटीकटाई।

निदरहि० क्रि० निन्दाकरे, नासाने।

निदरना० स० क्रि० निन्दा करना।

निदरि० स० क्रि० निरादर करके, अपमानकर।

निदाघ० ना० पु० ग्रीष्म, गर्मी।

निदान० अव्य० अन्त, पीछे, पूरा, निम्नद; ना० पु० रोगपरीचा, औषधिकथन, अन्त विचार, कारण।

निदेश० ना० पु० आज्ञा, अनुशासन, श्रीन्हसिमोर बिदेश्वनिमेटू, ईभदवाय तान्तर पेटू, इति मन्वादचरिते सहज रामकाव्ये।

निद्रा० ना० स्त्री० घौंघाई, नींद।

निद्रारि० ना० पु० चिरायता।

निद्रालु० गु० स्वभाव वश जो अधिक सोवे।

निद्रित० गु० निंदासा, सोवासा।

निधड़क० गु० निर्भय, अव्य० अचानक।

निधन० ना० पु० मृत्यु, नाश, धनहीन।

निधरक० गु० निधड़क।

निधान० ना० पु० स्थान, घर, धन, आधार, भांड़ा।

निधि० ना० स्त्री० कुबेरकाएक रत्न, सम्पत्ति, ना० पु० समुद्र, गु० नौ, ६।

निधिजात० ना० पु० चन्द्रमा आदि।

निधिसुता० ना० स्त्री० श्री लक्ष्मीजी।

निनन्द०, निनाद० ना० पु० शब्द, धराटा, ध्वनि।

निबाया० ना० पु० [illegible]।

निनाबो० ना० पु० रोगविशेष।

निन्दक० गु० निन्दाकरनेवारा, नींदनेवारा।

निन्दकाई॰ ना॰ स्त्री॰ निन्दकता, निन्दा।

निन्दना॰ स॰ क्रि॰ दोषदेना, कलङ्क लगाना।

निन्दनीय॰ गु॰ निन्दाकेयोग्य।

निन्दा॰ ना॰ स्त्री॰ दोष, कलङ्क, बुराकहना।

निन्द्य॰ गु॰ निन्दाकेयोग्य।

निनावा॰ ना॰ पु॰ रोगविशेष।

निन्नानवे॰ गु॰ एकोनशत, ९९।

निपट॰ अव्य॰ निरा निर, अधिक, बहुत, अति, सरासर, सर्व।

निपटना॰ अ॰ क्रि॰ चुकना, पूराहोना।

निपटाना॰ स॰ क्रि॰ चुकाना, पूराकरना, ठहराना, निबड़ना।

निपटारा॰ ना॰ पु॰ निबेड़ा, फैसला।

निपटारु॰ ना॰ पु॰ निबेड़ा।

निपात॰ ना॰ पु॰ मृत्यु, नाश, गिरना।

निपाता॰ क्रि॰ नाशकिया, गिराया।

निपान॰ ना॰ पु॰ जलाशय, दोहनी।

निपुण॰ गु॰ प्रवीण, चतुर, दक्ष।

निपूता॰ गु॰ जिसके सन्तान नहीं।

निफल॰ गु॰ विरथ, फलरहित।

निबटेरा॰ ना॰ पु॰ निबेरा, छुटकारा।

निबड़ना॰ अ॰ क्रि॰ निपटना, चुकना।

निबन्ध॰ ना॰ पु॰ बन्धेज, इक़रार, गु॰ जो ठहरगया।

निबन्धन॰ ना॰ पु॰ बन्धन, ठहराव।

निबन्धित॰ गु॰ जो ठहरगया, बन्धित।

Digitized by Google

निबल० गु० निर्बल, लाचार, बुड्ढा।

निबाह० ना० पु० समाप्त, निबेड़ा, निर्वाह, बात का पूराकरना।

निबाहू० गु० टिकाऊ, ना० पु० निपटाहू।

निबेड़ना० स० क्रि० निपटाना।

निबेड़ा० ना० पु० निबटेरा, निपटारा।

निबेड़ि० गु० निबाहू।

निभ० ना० पु० तुल्य, बराबर।

निभना० अ० क्रि० निबाहहोना, पारहोना।

निभाना० स० क्रि० निबाहना, पारकरना।

निमकी० ना० स्त्री० लोन का निम्बू।

निमकौड़ी० ना० स्त्री० नीब का फल।

निमन० गु० ठोस, पोढ़ा, सुन्दर।

निमनाई० ना० स्त्री० पोढ़ाई।

निमनाना० स० क्रि० पोढ़ा करना, संभालना।

निमंत्र०
निमंत्रण० } ना० पु० न्योता।

निमाना० गु० भोला, मैदान।

निमि० ना० पु० राजाविशेष।

निमित्त० ना० पु० कारण, लिये, भाग, हेतु।

निमिष० ना० पु० थोड़ीदेर, पलक, चाख।

निमिषमात्र० ना० पु० अत्यन्त थोड़ाकाल।

निमीलन० ना० पु० मृत्यु, झपकी, पलक।

निमेष० ना० पु० पलक, विपल।

निम्न० गु० नीचास्थान, नीचान, अधो।

निम्नगा० ना० स्त्री० नदी।

Digitized by Google

निम्ब० ना० पु० नीबवृक्ष।
निम्बक० ना० पु० निम्ब।
निम्बरक० ना० पु० नीब वा महानीब।
निम्बू०
निम्बूक० } ना० पु० नीबू।
नियत० गु० जोठहंकागया, मुक़र्रर, क़ायम।
नियन्ता० ना० पु० स्वामी, अध्यक्ष, सारथी, नियतकर्त्ता।
नियम० ना० पु० प्रण, वचन, अङ्गीकार, जो कुछ धर्म की क्रियाकरें, यथाव्रत।
नियमित० गु० निश्चित, प्रणकिया गया।
नियमन० ना० पु० नीमरक्ष, रोक।
नियर०
नियरे० } अव्य० समीप, पास।
नियराई० ना० स्त्री० समीपता, निकटता।
नियामक० ना० पु० नाविक, नियन्ता।
नियुक्त० गु० नियोजित, स्थापित।
नियुत० गु० दशलाख, १०००००० ।
नियोग० ना० पु० प्रेरण-आज्ञा, तथा, मुक़र्रर करना।
नियोजन० ना० पु० स्थापन, आज्ञा।
नियोजित० गु० स्थापित, रक्खा।
निर० अव्य, निः।
निरखना० स० क्रि० देखना, विलोकना।
निरङ्कार० गु० निराकार।
निरङ्कुश० गु० स्वेच्छाचारी, निडर।
निरञ्जन० गु० निर्मल, रागरहित, अविद्यारहित, ना० पु० ईश्वर।

निरत॰ गु॰ प्रतिप्रीतिमय, लीन।

निरतंक॰ ना॰पु॰ नचवैया।

निरर्थ॰ गु॰ झूंठ, निःप्रयोजन, बेफ़ायदः।

निरन्त॰ गु॰ अन्तरहित, अपरम्पार, ना॰पु॰ आकाश, ईश्वर।

निरन्तर॰ अव्य॰ निरवधि, जिसमें वियोग नहीं, सत्य, अन्तरबिन।

निरक्ष॰ गु॰ द्रष्टा, देखनेवाला।

निरपराध॰ } गु॰ अपराध रहित,
निरपराधी॰ } निर्दोष।

निरम्बु॰ गु॰ जलरहित।

निरय॰ ना॰पु॰ नरक, दोज़ख़।

निरर्थक॰ गु॰ ढीला, प्रमादी, अनरीति, अर्थरहित, निष्प्रयोजन।

निरवग्रह॰ गु॰ स्वच्छन्द, स्वतन्त्र।

निरवद्य॰ गु॰ आनन्दित, अकथ्य।

निरवारण॰ ना॰पु॰ उबारक, बचाव, सुलझावट।

निरवारना॰ स॰ क्रि॰ खोलना, छोड़ाना।

निरस॰ गु॰ रसहीन, फीका, बदमज़ः।

निरस्त॰ गु॰ त्यागित, जिसका अस्त न हो।

निरस्त॰ गु॰ अस्तहीन।

निरस्य॰ गु॰ त्यागनेके योग्य, त्यागकिये।

निरा॰ गु॰ केवल, सारा, ठठ, छूछा।

निराकांक्षी॰ ना॰ पु॰ निःस्पृह, आकांक्षारहित।

निराकार॰ गु॰ आकाररहित, यथा ईश्वर।

निरादर॰ गु॰ आदररहित, अवज्ञा युत, वा अवज्ञा करनेहारा।
निराधार॰ गु॰ सहाररहित, आधारहीन।
निरामिष॰ गु॰ मांसरहित भोजन।
निरालम्ब॰ गु॰ आलम्बरहित, अवलम्बहीन।
निरालस्य॰ गु॰ आलस्यहीन, कामकाजी, मिहनती, उपायी।
निराम॰ गु॰ भरोसारहित, आशाटूटगई।
निराहार॰ गु॰ भोजनहीन, बिनकुछखाये।
निरिच्छा॰ } गु॰ इच्छारहित, बिनइच्छा, जिसको कुछ चाह न हो।
निरिच्छित॰ }
निरीश॰ गु॰ स्वामीरहित, जिसका मालिक न हो, पतिहीन। ना॰ पु॰ जो बयर्थात् ईश्वर नहीं।
निरीह॰ गु॰ चेष्टारहित अर्थात् ईश्वर।
निरीक्षण॰ ना॰ पु॰ ताक, दृष्टि।
निरुत्तर॰ गु॰ उत्तरहीन, लाजवाब।
निरुपधि॰ गु॰ निष्प्रयोजन।
निरुपम॰ } गु॰ उपमाहीन,
निरुपमा॰ } दृष्टान्तरहित।
निरुपाधि॰ गु॰ उपाधिरहित, बेखटके।
निरुपाय॰ गु॰ उपायहीन, बिना उपाय किये।
निरूप॰ गु॰ रूपहीन, निराकार।
निरूपण॰ ना॰ पु॰ दृष्टि, विचार, जवाब, विस्तारपूर्वक कथन।
निरूपित॰ गु॰ जो विस्तारपूर्वक कहागया या निर्णय किया गया, निर्धारित, स्थापित।

निरेखना० स० क्रि० विलोकना, झांकना।

निरोग० } गु० निरोग, भला,
निरोगी० } चङ्गा, रोगरहित।

निरोध० ना० पु० घेरना, गांसना।

निर्गत० गु० निकला।

निर्गता० गु० निकलकर, ना० स्त्री० निकली।

निर्गम० ना० पु० जहां जाय न सके, अगम।

निर्गुण० गु० गुण हीन, निकम्मा, मूर्ख।

निर्गुण्डी० ना० स्त्री० संभालू।

निर्घण्ट० ना० पु० सूचीपत्र।

निर्घात० ना० पु० वज्र, शब्द।

निर्दया० गु० निर्दया, कठोर।

निर्घोष० ना० पु० ध्वनि, शब्द।

निर्जर० ना० पु० देवता, जो बूढ़ा नहो, गु०।

निर्जन० गु० मनुष्य हीन, जन रहित।

निर्जरनदी० ना० स्त्री० श्री गङ्गा जी।

निर्जल० गु० जलहीन, सूखा, पायाब।

निर्जीव० गु० जिसमें जीव नहीं। है यथा मिट्टी पत्थर आदि, मृतक।

निर्जास० गु० सार, सिद्धान्त।

निर्झर० ना० पु० झरना।

निर्झरिणी० ना० स्त्री० नदी।

निर्णय० ना० पु० निश्चय, ठिकाना, न्याय, झगड़ा मिटाना।

निर्णीत० गु० निश्चित, निर्णय किया गया।

निर्दई० }
निर्दय० } गु० जिसमें दया
निर्दया० } नहीं है, कठोर,
निर्दयी० } बेरहम।

Digitized by Google

निर्दिष्ट॰ गु॰ जो अच्छी विधि देखागया वा निरूपित हुआ वा वर्णन हुआ।

निर्दोष॰ } गु॰ दोष हीन,
निर्दोषी॰ } अकलङ्की, अदोष।

निर्द्वन्द॰ गु॰ बिना झगड़ा, बेखटके।

निर्धन॰ गु॰ धनहीन, दरिद्री।

निर्धार॰ } ना॰ पु॰ निश्चय,
निर्धारण॰ } निर्णय।

निर्धारित॰ गु॰ निश्चित, निर्णीत।

निर्बंध॰ गु॰ बंध रहित, असम्मान, बावल्ट।

निर्बन्धु॰ गु॰ बन्धु रहित, अकेला।

निर्बल॰ गु॰ लाचार, बुड्ढा, जिसको सामर्थ्य नहीं है।

निर्बस॰ गु॰ वशरहित, असमर्थ।

निर्बीज॰ गु॰ बीज रहित, पुत्र हीन।

निर्बुद्धि॰ गु॰ बुद्धिहीन, मूर्ख।

निर्बूझ॰ गु॰ जो समझ में न आवे, मूर्ख।

निर्भय॰ गु॰ अभय, निडर।

निर्भर॰ गु॰ पूर्ण, पूरा।

निर्मम॰ गु॰ ममता रहित।

निर्मल॰ गु॰ मलहीन, स्वच्छ, शुद्ध, साफ, पाकी।

निर्मलता॰ ना॰ स्त्री॰ पवित्रता, स्वच्छता, सफाई।

निर्मली॰ ना॰ पु॰ बीज विशेष जिससे पानी को स्वच्छ करते हैं।

Digitized by Google

निर्मास० ना० पु० बनावट, रचना, बनाना, कर्त्तव, सार।

निर्माल्य० ना० पु० प्रसाद, निवेदितवस्तु, स्वच्छता, शुद्धता।

निर्मित० गु० रचित, बनाया गया, निर्माणकियागया।

निर्मूल० गु० हीनमूल, बिना जड़।

निर्मोह० } गु० मोहरहित,
निर्मोही० } उदासी।

निर्यास० ना० पु० शिलाजीत, दृक्षकारस अर्थात् गोंद, काथ।

निर्याण० ना० पु० यात्रा, प्रस्थान।

निर्लज्ज० गु० लज्जा रहित, बेहया, अकोटा।

निर्लिप्त० गु० लगावहीन, जो लिप्त नहीं है।

निर्लेप० } गु० निर्मला, चिकना
निर्लोम० } नहीं वा लेशनहीं, बिनाभाग, सर्व।

निर्लोभ० गु० लोभ रहित, दाता।

निर्वन्ध० गु० छूटाहुआ।

निर्वाण० ना० पु० मोक्ष, अपवर्ग, लय, गु० वैकुण्ठवासी, मोक्षहोगया।

निर्वाणसुख० ना० मोक्ष, मुक्ति, वैकुण्ठवास।

निर्वाधा० गु० बाधा रहित, अकण्टक।

निर्वाह० गु० निबाह।

निर्वाहक० गु० निबाहकरनेहारा।

निर्विकल्प० गु० भेदरहित, अतर्क, कल्पनाहीन।

निर्विकार० गु० विकारहीन, निर्व्याधि, अरोग।

निर्विघ्न० गु० विघ्नरहित, सानन्द, निर्वाधा।

Digitized by Google

निर्वृत्ति० ना० स्त्री० मुक्ति, मृत्यु, आनन्द, सुखमार्ग, तरीक़, पन्थ।

निर्वैर० गु० वैरभावहीन।

निर्व्याज० गु० अचल, अस्वारथ।

निर्व्याधि० गु० व्याधिहीन, अरोग, अकण्टक।

निर्हर० ना० पु० हरनेवाला।

निलज० गु० निर्लज्ज, लज्जाहीन।

निलय० ना० पु० घर।

निवान० गु० नीचान।

निवाना० स० क्रि० नवाना।

निवार० ना० स्त्री० कोर पट्टी सूत की।

निवारक० गु० बचाने वाला, रोकने वाला।

निवारण० ना० पु० निषेध, रोक, बचाव।

निवारना० स० क्रि० रोकना, बचाना, बरजना।

निवारत० क्रि० बचावत, रोकत, बर्जत।

निवारि० क्रि० बचाय कर, रोकि, बरजि।

निवारित० गु० बचायागया, बर्जागया।

निवावना० स० क्रि० नवाना।

निवास० ना० पु० बसने का स्थान, वास, घर।

निवासी० ना० पु० बसने वाला, रहनेवाला।

निबिड़० गु० अधिक, सघन, निरवकाश।

निबुकि० अ० क्रि० झपटि कूदि।

निवृत्ति० ना० स्त्री० ठहराव, रुकावट, विश्राम, चैन।

निवेदन० ना० पु० प्रार्थना, विनती, अर्ज़।

निवेदनपत्र० ना० पु० अर्जी, विनय पत्र।

निवेदित० गु० अर्पित, विनय कियागया।

निवेशन० ना० पु० विवाह, शादी।

निशङ्क० गु० निडर, निस्सन्देह, बिन प्रयास।

निशा० ना० स्त्री० रात्रि।

निशाकर० ना० पु० चन्द्रमा।

निशागम० ना० पु० रात्रिका आगम, संध्या, सांझ, शाम।

निशाचर० ना० पु० राक्षस, चोर, उलूकादि, चन्द्रमा आदि नक्षत्र।

निशाटन० ना० पु० निशाचर।

निशि० ना० स्त्री० निशा।

निशिचर० ना० पु० निशाचर।

निशिनाथ० ना० पु० चन्द्रमा, चांद।

निशिमुख० ना० पु० संध्या, सांझ।

निशिभानु० ना० पु० चन्द्रमा।

निशीथ० ना० पु० आधीरात।

निशीश० ना० पु० चन्द्रमा, चांद।

निश्चय० ना० पु० निर्णय, विश्वास, गु० ठीक।

निश्चल० गु० स्थिर, अचल।

निश्चित० गु० निर्णीत।

निश्चिन्त० गु० चिन्तारहित, बिना खटके।

निश्चेष्ट० गु० चेष्टारहित, मूर्छित

निश्छिद्र० गु० निर्दोष, छेद रहित।

निश्रेणी० ना० स्त्री० निसेनी, सीढ़ी, ज़ीना।

निश्श्वास० ना० पु० श्वास, माश्वाप्त।

निश्शेष० गु० अशेष, समस्त, सब।

निषङ्ग० ना० पु० तून, तरकश, मेल।

निषाद० ना० पु० गाने में पहिला स्वर, चाण्डाल, शङ्करवर्णी, केवट, मल्लाह।

निषिद्ध० गु० जोकर्त्तव्यनहीं, वर्जित।

निषिद्धता० ना० स्त्री० निवारण, कर्त्तव्य रहित, इन्कार।

निषेद० ना० पु० अदुख, दुविधा।

निषेध० ना० पु० इनकार, निवारण, कर्तव्यरहित।

निषेधित० गु० वर्जित, निवारित।

निष्क० ना० पु० हीरा, १६ द्रम्मका प्रमाण।

निष्कण्टक० ना० पु० उपाधि रहित, बेधड़क।

निष्कपट० गु० सत्य, सच्चा, छलहीन, भोला।

निष्कर्ष० ना० पु० निश्चय।

निष्कारण० गु० बिनाप्रयोजन, बेसबब।

निष्केवल० गु० एकही, सत्यकार।

निष्क्रमण० ना० पु० संस्कार विशेष।

निष्ठ० गु० स्थापित, तत्पर, उत्तम, उत्कर्ष।

निष्ठमति० ना० स्त्री० उत्तम बुद्धि, उत्तमज्ञान।

निष्ठा० ना० स्त्री० विश्वास, भरोसा।

निष्ठुर० गु० निठुर, निर्दय, कठोर, अप्रीति।

निष्ठुरता० ना० स्त्री० } कठोरता,
निष्ठुरत्व० ना० पु० } निर्दयता, निठुरता।

Digitized by Google

निष्पत्ति० ना० स्त्री० सिद्धि, समाप्ति।

निष्पन्न० गु० कृत, बना, सिद्ध।

निष्पादन० ना० पु० सम्पादन।

निष्पाप० } गु० पापरहित,
निष्पापी० } निर्दोष।

निष्प्रपञ्च० गु० छलहीन।

निष्प्रयोजन० गु० व्यर्थ, विना प्रयोजन।

निष्फल० गु० फलहीन, वृथा, बेफ़ायदह।

निस० ना० स्त्री० निशा।

निसक्त० गु० अशक्त, पौरुष-रहित।

निसङ्क० गु० निश्शङ्क।

निसङ्कट० गु० सङ्कटरहित।

निसन्धि० गु० ठोस, सन्धि-रहित।

निसरना० धा० क्रि० निकलना।

निसाँस० गु० आहभरना।

निसाँसी० गु० तङ्ग, हैरान्।

निसान० ना० पु० तूर्य्य, नकारह।

निसास० ना० पु० विश्वास।

निसि० ना० स्त्री० निशि।

निसित० गु० पैनो० तेज़, बाढ़िदार।

निसेनी० ना० स्त्री० सीढ़ी, ज़ीना।

निसोत० ना० पु० औषधि विशेष, गु० ठोस।

निस्तार० ना० पु० मुक्ति, मोक्ष, छुटकार।

निस्तारा० ना० पु० निपटारा।

निस्तारना० धा० क्रि० निस्ता-रकरना।

निस्तेज० गु० प्रताप हीन, तेजरहित।

निस्तोक० ना० पु० चुकौता, निपटारा।

निसन्द० ना० पु० निचोड़, हिसाब।

Digitized by Google

निस्पृह० गु० लालसाहीन।

निस्व० गु० निर्धन, दरिद्री।

निस्वना० गु० ध्वनि, शब्द।

निस्सन्देह० गु० सन्देहरहित, बेखटके।

निहङ्ग० गु० नङ्गा, अकिञ्चन।

निहत्था० गु० छूछा, अस्त्र-रहित, लूला, हाथ रहित।

निहाई० ना० स्त्री० लोहेकी वस्तु विशेष जिस पर लोहाआदिगढ़ते हैं।

निहानी० ना० स्त्री० रन्दा; कपड़े।

निहार० ना० पु० अन्धकार, कुहीरा, रामायणे यथा, [illegible] दिन-कर दुरा, हष्टि।

निहारना० स० क्रि० देखना, निहोकना, झांकना।

निहारा० स० क्रि० देखा।

निहुरना० अ० क्रि० लचना, झुकना, दबना।

निहुराना० स० क्रि० लचाना, झुकाना, दबाना।

निहोर० } ना० पु० कृपा,
निहोरा० } उपकार, विनती, फुसलाहट, खुशामद।

निक्षिप्त० गु० जो निक्षेप किया जावे, त्यागित।

निक्षेप० ना० पु० परित्याग, धरोहर।

नींद० ना० स्त्री० औंघाई, निद्रा।

नींदना० अ० क्रि० सोना, स० क्रि० मुकरना।

नींदू० ना० पु० सोवैया।

नीब० ना० पु० वृक्षविशेष, निम्ब।

नींबू० ना० पु० लीमू, फलविशेष।

नीक० गु० भला, अच्छा।

नीका० } गु० सुन्दर, भला,
नीको० } अच्छा।

Digitized by Google

नीच० गु० छोटा, कमीना, हीन, कुत्सित, निकम्मा, तले, हेठ।
नीचगामी० गु० जो नीचे जाता है, यथा जल।
नीचा० गु० ऊंचे के विरुद्ध, नशेब।
नीचाई० ना० स्त्री० छोटाई, नीचापन।
नीचे० अव्य० तले।
नीठ० गु० तुम्हारा।
नीति० ना० स्त्री० उचित, व्यवहार, रीति, क़ानून।
नीतिज्ञ० गु० धार्मिक, न्यायी।
नीद० ना० स्त्री० नींद।
नीदना० स० क्रि० नींद आना, मुँद जाना।
नीप० ना० पु० कदम्ब
नीपूर० ना० पु० [illegible]
नीबी० ना० स्त्री० [illegible] स्त्रियों [illegible] धसी है।
नीबु० ना० पु० निम्बू।
नीम० ना० पु० नींब।
नीमन० गु० निमग्न।
नीमावत० ना० स्त्री० [illegible] [illegible]
नीर० ना० पु० जल, पानी।
नीरज० ना० पु० कमल, जो जल जात है।
नीरथ० गु० निरर्थ, निष्फल।
नीरद० ना० पु० मेघ।
नीरधर० ना० पु० मेघ, बादल।
नीरस० गु० विरस, रसहीन, फीका।
नीरोग० गु० निरोग, आरोग्य।
नीरोगी० गु० चंगा, भला, रोगहीन।

नील० गु० श्यामवर्ण विशेष, काला, ना० पु० वस्तुविशेष जो गणक के अङ्कों से बनाते हैं, संख्याकार, सो खर्व, १०००००००००००० ।

नीलक० गु० नीला, ना० पु० नीलरत्न का हरित विशेष, बीजगणित में विशेष प्रमाण ।

नीलकण्ठ० ना० पु० पक्षी विशेष, मोर, अग्नि, और श्रीशङ्करजी ।

नीलगवय० ना० पु० नीलगाव, रोझ ।

नीलगाव० ना० पु० रोझ ।

नीलता० ना० स्त्री० } श्यामता,
नीलत्व० ना० पु० } कालापन ।

नीलपर्वत० ना० पु० जिसका एकभाग जो गङ्गा के दहिना है, हरिद्वार के समीप तीर्थविशेष ।

नीलपुष्पी० ना० स्त्री० विष्णुक्रान्ता, अलसी ।

नीलवल्ली० ना० स्त्री० नीलकी वल्ली ।

नीलाश्म० } ना० पु० मणि
नीलमणि० } विशेष ।

नीलरत्न० ना० पु० नीलम ।

नीललोहित० ना० पु० श्री महादेवजी ।

नीलवर्ण० गु० श्यामरङ्ग, आकाशीरङ्ग ।

नीला० गु० जो नीलरङ्ग का है ।

नीलाई० ना० स्त्री० श्यामता, नीलापन ।

नीलाण्डक० ना० पु० नील गाव, रोझ ।

नीलाथोथा० ना० पु० तूतिया ।

नीलाम० ना० पु० बिक्री, बिकाव ।

Digitized by Google

नीलाम्बर॰ ना॰ पु॰ नीलवर्ण वस्त्र, और श्रीवल-देवजी ।

नीलार्त्त॰ ना॰ पु॰ पियाबासा ।

नीलोत्पल॰ ना॰ पु॰ नील-कमल ।

नीलोपल॰ ना॰ पु॰ नीलम ।

नीवा॰ ना॰ पु॰ सुनाहट, मन्दाई ।

नीसारना॰ स॰ क्रि॰ निसा-रना, निकालना ।

नीहार॰ ना॰ पु॰ शिशिर, ओस, कुहिरा ।

नूल॰ } गु॰ नया, नवीन ।
नूतन॰
नूत्न॰

नूधा॰ ना॰ पु॰ तमाकू विशेष ।

नून॰ ना॰ पु॰ लोन ।

नूनी॰ ना॰ स्त्री॰ छोटे बालक का लिङ्ग ।

नूपुर॰ ना॰ पु॰ स्त्रियों के पैर का गहना अर्थात् बिछुआ वा नेवर वा पायजेब ।

नृग॰ ना॰ पु॰ राजा विशेष जि-सको श्रीकृष्णचन्द्र ने सरट तन से उद्धार किया था ।

नृत्य॰ ना॰ पु॰ नाच, नाचना ।

नृत्यक॰ } पु॰ गु॰ नाच-
नृत्यकारी॰ } नेवाला ।

नृदेव॰ }
नृदेवता॰ } ना॰ पु॰ राजा,
नृप॰ } बादशाह ।
नृपति॰ }
नृपाल॰ }

नृशंसी॰ गु॰ दुष्ट, कुवासी ।

नृसिंह॰ ना॰ पु॰ चौथा विष्णु का अवतार, और मनु-ष्यों का शिरोमणि ।

Digitized by Google

ने ० अव्य० सकर्मक क्रिया के भूतकाल में कर्त्ता के अन्त में यह चिह्न आता है, यथा, उसने मारा।

नेई ० ना० स्त्री० नींव, दीवार की भीति की जड़।

नेक ० }
नेकु ० } गु० तनिक, अल्प, थोड़ा।

नेग ० ना० पु० विवाह में जो दान दिया जाता है, अथवा जो नेगी मांगते हैं वा जो पटवारी गांव में पाता है।

नेटा ० ना० पु० सेंटा, रेंट।

नेठना ० क्रि० [illegible], [illegible], कायम।

नेतक ० ना० पु० नड़कुल।

नेता ० ना० पु० नायक, ईश्वर।

नेति ० अव्य० न इति, नहीं।

नेती ० ना० स्त्री० रस्सी जो किवाड़ी में बांधते हैं, सूत जो नथने में डालकर मुख में निकालकर नाक को स्वच्छ करते हैं, उसका नाम।

नेम ० ना० पु० नियम, संयम, प्रण, शोच।

नेमी ० गु० संयमी, नियमी, प्रणी।

नेरे ० अव्य० निकट।

नेव ० ना० स्त्री० भीति की जड़, अव्य० [illegible]।

नेवतना ० स० क्रि० न्योता देना, भोजन के लिये किसी को बुलाना।

नेवता ० ना० पु० बुलाना, निमन्त्रण।

नेवताना ० स० क्रि० न्योता दिलाना।

नेवर ० ना० पु० घोड़े के पांव का रोग विशेष, भूषण विशेष।

Digitized by Google

नैगमेय ॰ ना॰ पु॰ अग्निकेतु
नैमत्ता ॰ विषेले औ सांप का बेटी होता है ।
नेह ॰ ना॰ पु॰ स्नेह, प्रीति, तेल ।
नेही ॰ पु॰ स्नेही, ना॰ पु॰ मित्र ।
नेत्र ॰ ना॰ पु॰ नयन, आंख, मृगकस्तूरी, प्राण ।
नेत्रपुत्तलिका ॰ ना॰ स्त्री॰ आंख की पुतली ।
नेवलात ॰ ना॰ पु॰ कम्बुका ।
नेत्राम्बु ॰ ना॰ पु॰ आंसू ।
नेत्रनेयमना ॰ ना॰ स्त्री॰ बादाम, आंखों की ववर्ना ।
नैर्ऋत्य ॰ ना॰ पु॰ पश्चिम और दक्षिण का कोण, राक्षस ।
नैकाठ्य ॰ ना॰ पु॰ निकठता ।
नैक ॰ गु॰ थोड़ा, अल्प ।
नैजाना ॰ अ॰ क्रि॰ झुकना, निकलना ।
नैना ॰ ना॰ पु॰ नैन, पनघा ।

नैगमक ॰ ना॰ पु॰ अंशा॰ इष्ट विषेय, नीति का प्रतिपाद्य ।
नैपाली ॰ ना॰ पु॰ मनशिल, नैपालवासी ।
नैपुण्य ॰ ना॰ निपुण ॰ ।
नैपुण्य ॰ ना॰ पु॰ निपुणता ।
नैमित्तिक ॰ पु॰ गुनकी, निमित्तका ।
नैमित्तिकदान ॰ ना॰ पु॰ समयभाव देना ।
नैया ॰ ना॰ स्त्री॰ नावछोटी, खेवट, डांडी ।
नैयायिक ॰ ना॰ पु॰ न्यायशास्त्र का ज्ञाता, तार्किक ।
नैर्मल्य ॰ ना॰ पु॰ निर्मलता ।
नैवेद्य ॰ ना॰ पु॰ देवता के भोजन की सामग्री, षड् रस ।
नैष्ठिक ॰ गु॰ ब्रह्मचारी, निष्ठावान
नैहर ॰ ना॰ पु॰ पीहर, मैका

नो० सब्य० भर्ती।

नोखा० } गु० अनूठा, अजायब।
नोखो० }

नौच०ना० पु० बकोट, चुटकी।

नोचना० स० क्रि० बकोटना, चुटकीलेना।

नोन० ना० पु० लोन।

नोना० स० क्रि० दुहने केसमय गायके पैरबांधना, ना० पु० सीताफलविशेष।

नोनापानी० ना० पु० लव-णाम्बु, समुद्र्काजल।

नोनिया० ना० पु० लोनिया।

नोय० क्रि० दुहतेसमय गायके पांवबांधना।

नौका० ना० स्त्री० नाव।

नौखण्ड० ना० पु० पृथ्वी के नौखण्ड।

नौगरी० ना० स्त्री० नवगिरी।

नौछावर० ना० पु० निछावर।

नौढ़ना० स० क्रि० झुकना, नि-छुरना, आधीनहोना।

नौढ़ाना० स० क्रि० झुकाना, निछुराना।

नौतना० स० क्रि० नेवतना।

नौता० ना० पु० नेवता।

नौमासा० ना० पु० गर्भसेनवें मासका उत्सव।

नौमि० क्रि० नमस्कारकरताहूं।

नौमी० ना० स्त्री० नवमी, नवमी-तिथि।

नौरतन० ना० पु० नवरत्न।

नौल० ना० पु० नवल।

नौसादर० ना० पु० औषध विशेष।

न्यक्कार० ना० पु० कुत्सा।

न्यग्रोध० ना० पु० बरगदकावृक्ष।

न्यस्त० गु० सौंपाभया, सौंपित।

न्याय० ना० पु० धर्म, विचार, तर्कशास्त्रविशेष वगैरह।

न्यायक० ना० पु० न्यायकरनेहारा।

न्यायशास्त्र० ना० पु० तर्कशास्त्र।

न्यायी० ना० पु० न्यायज्ञ, न्यायशास्त्र का जाननेहारा, न्यायज्ञ।

न्यार० ना० पु० चारा।

न्यारा० गु० अलग, निराला, अनूठा।

न्यारिया० गु० सचेत, चोकस।

न्यून० गु० छोटा, घाट, हीन, कम।

न्यूनकोण० ना० पु० छोटाकोना।

न्यूनता० ना० स्त्री० घटती,

न्यूनत्व० ना० पु० कमी।

न्यूनवय० गु० कमउमर।

न्यूनाधिक० ना० पु० छोटाबड़ा।

न्यौतना० स० क्रि० नेवतना।

न्यौता० ना० पु० नेवता।

न्यौताना० स० क्रि० नेवताना।

न्यौला० ना० पु० जन्तुविशेष

न्यस्तभट्टी० ना० स्त्री० नि[illegible]

[प]

पकड़० ना० स्त्री० ग्रहण [illegible] गिरिफ्त।

पकड़ना० स० क्रि० गोहना, रोकना, गहना, ग्रहण करना, धरलाना।

पकड़ाना० स० क्रि० पकड़वाना, सौंपना, गहाना

पकना० अ० क्रि० रंधना, प[illegible] काहोना, सीझना।

पकवाई० ना० स्त्री० पकानेका काम वा पैसा।

पकवान० ना० पु० पाक जो घी में पकायागया, यथा पूरी, समोसा आदि मिठाई।

पकवाना० स० क्रि० रंधाना, पका-कराना, चुराना।